हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, सोमवार 18 दिसंबर 2023


तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री


12 सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने ...





11 देश की प्रगति व जरुरतमंदों की उन्नति का अभियान है ...






## खबर संक्षेप



### खुटेरी में निःशुल्क गैस कनेक्शन वितरित

**गुण्डरदेही।** खुटेरी (रंग) के सरपंच व भाजपा मंडल कोषाध्यक्ष नविता साहू ने प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत 20 हितग्राहियों को निःशुल्क गैस कनेक्शन वितरित किए। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों को केन्द्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी। साथ ही शासन की योजनाओं का लाभ लेने को कहा।

### ग्राम जगन्नाथपुर व घुमका में विकसित भारत संकल्प यात्रा आज

**बालोद।** जिले में 18 दिसम्बर को बालोद विकासखण्ड के ग्राम जगन्नाथपुर और घुमका में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जाएगा। इसके अंतर्गत बालोद विकासखण्ड के जगन्नाथपुर में 10 बजे से एवं घुमका में दोपहर 02.30 बजे से विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देशानुसार कार्यक्रम का सफल बनाने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

### किसान की आत्महत्या के लिए भाजपा जिम्मेदार : कांग्रेस



**बालोद।** नारायणपुर के कुकड़ाझोर गांव के एक किसान द्वारा आत्महत्या के विरोध में बालोद युवा कांग्रेस ने शोक सभा का आयोजन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने इसके लिए भाजपा सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए जमकर कोसा। जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष प्रशांत बोकड़े, शहर अध्यक्ष साजन पटेल, युवा कांग्रेस से पूर्व शहर अध्यक्ष बंटी शर्मा, विधान सभा उपाध्यक्ष दीपक सानू पाल, आदित्य दुबे, मोहनिश पारकर, अंचल साहू, अविनाश यादव, गजेंद्र ढीमर, आबिद मालिक देवेंद्र साहू, अल्पिया खान, वैभव शर्मा, फरहान खान, फैज बक्श, आयुष, समस्त युवा कांग्रेस के साथी शामिल थे।

### विनायकपुर में सतनाम संदेश यात्रा आज

**अंडा।** घासीदास जयंती के पावन अवसर पर विनायकपुर द्वारा आज धूमधाम से गुरू धाम से गुरू बाबा घासीदास जयंती बाबा गुरू विनायकपुर वाले बाबा द्वारा मनाया जा रहा है। इस अवसर पर आज भव्य शोभायात्रा के साथ झण्डा रोहण शहर भ्रमण व ग्रामीण तक सतनाम संदेश यात्रा गुरू बाबा विनायकपुर वाले बाबा द्वारा निकाली जाएगी। उन्होंने लोगों से सतनाम संदेश शोभायात्रा में शामिल होकर ग्राम गुरू धाम विनायकपुर को धन्य करने का आग्रह किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजीव जैन महा सचिव पब्लिक हैल्प वर्क डिविजन युनिक ट्रस्ट बम्बई होंगे। उल्लेखनीय है कि बाबा गुरू विनायकपुर वाले बाबा जी विगत 26 वर्षों से 17 दिसम्बर की रात्रि समाधि लेते आ रहे हैं। इस वर्ष भी समाधि कार्यक्रम रखा गया।

## सुबह 9 से रात्रि 10 बजे तक शहर में भारी वाहनों के प्रवेश पर है प्रतिबंध

# प्रतिबंध लगाने के बाद भी नगर के भीतर से गुजर रहे भारी वाहन





हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

व्यस्ततम मार्ग दल्लीराजहरा शहर में भारी वाहनों के प्रवेश की वजह से नगर के भीतर यातायात व्यवस्था चरमरा गई है। इसके साथ ही इनके कारण हमेशा हादसे का खतरा मंडराता नजर आता है।

दल्लीराजहरा शहर के भीतर मुख्य मार्ग पर यातायात का दबाव कम करने के लिए प्रशासन द्वारा सुबह 9 से लेकर रात्रि 10 बजे तक भारी वाहनों के नगर के भीतर प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया गया है, लेकिन उसके बावजूद प्रबंध समय में भी भारी वाहन शहर के अंदर तेज गति से चलते हुए प्रवेश कर रहे हैं। आयरन ओर से भरी भारी वाहन तेज गति लापरवाही पूर्वक चलाकर शहर के मुख्य मार्ग से प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में गुजरते हैं और आए दिन दुर्घटनाएं होती है।

### सब्जी मंडी के पास वाहनों की कतार, आवागमन बाधित

**गुरूर।** जिला मुख्यालय के बुधवारी बाजार में स्थित सब्जी मंडी के पास रोजाना सुबह से दोपहर तक सड़क पर वाहनों की कतार लग जाती है। जिसके कारण शहरवासियों को आवागमन करने में बाधा उत्पन्न होती है। यह स्थिति रोजाना सब्जी मंडी के पास देखने को मिलेगा। दरअसल बुधवारी बाजार में सब्जी मंडी संचालित है, जहां सब्जी के थोक विक्रेता अन्य जिलों से भारी भरकम वाहनों के माध्यम से सब्जी खरीद ▶▶| शेष पेज 10 पर

- जिम्मेदारों की अनदेखी से उत्पन्न हो रही अव्यवस्था, राहगीर परेशान



### सड़क पर लगता है जाम, यातायात पुलिस मौन, नगर पालिका उदासीन

यातायात पुलिस सड़कों पर छोटे वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई कर भले ही सुर्खियों में रहते हैं, लेकिन शहर के भीतर यातायात बदहाल स्थिति को देखने जरा भी समय नहीं है। लगातार शिकायतें सामने आने के बाद और खबर के माध्यम से जानकारी होने के बाद भी शहर के भीतर खासकर इन व्यस्ततम इलाकों में यातायात व्यवस्था को सुधारने यातायात पुलिस कोई ठोस कदम नहीं उठा ▶▶| शेष पेज 10 पर

### पुराने बाजार के पास हादसा

रविवार की शाम पुराना बाजार डड़सेना पुलिया के पास एक दर्दनाक घटना घटित हुई है। इस तरह की घटना लगातार होती रहती है। दल्लीराजहरा पुलिस द्वारा नगर में भारी वाहनों का प्रातः 9:00 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक प्रतिबंध लगा दिया गया है, उसके बावजूद भारी वाहन चालक और संचालकों द्वारा दल्लीराजहरा शहर के अंदर आयरन से भरी वाहनों का आवागमन जारी रहता है। इसके कारण अक्सर दुर्घटनाएं होती रहती हैं, जिनमें बड़ी संख्या में लोगों की मौत भी हो चुकी है।

### उल्लंघन पर होगी कार्रवाई

आवागमन के दबाव और दुर्घटना को देखते हुए नगर के अंदर समय के अनुसार प्रतिबंधित किया गया है। अगर कोई नियम का उल्लंघन करता है, तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

- **मुकेश सिंह,** थाना प्रभारी दल्लीराजहरा।

# शहनाइयों की गूंज थमी विवाह के लिए अब माहभर करना होगा इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा



- आगामी 15 जनवरी 2024 तक रहेगा मलमास
- 16 जनवरी से फिर शुरू होंगे वैवाहिक कार्यक्रम, सालभर रहेंगे 77 मुहूर्त

अब वैवाहिक कार्यक्रमों के साथ ही अन्य मांगलिक आयोजनों पर आने वाले 14 जनवरी तक के लिए ब्रेक लग गया है। नगर के पंडित सनत पाठक के अनुसार नए साल 2024 में भी कुल 77 दिन विवाह मुहूर्त के लिए शुभ हैं।

इस साल मलमास 16 दिसम्बर से शुरू हो गया है, जो अगले साल 14 जनवरी तक रहेगा तो दूसरा 2024 में 15 मार्च से 16 अप्रैल तक मीन राशि की संक्रांति होने के कारण होगा। देवउठनी एकादशी से प्रारंभ हुए वैवाहिक मुहूर्तों में मांगलिक आयोजनों का सिलसिला जारी रहा। साल का अखिरी मुहूर्त 15 दिसंबर था। इसके साथ ही मलमास लगने से इसे मानने वाले इन दिनों मांगलिक आयोजन नहीं करते। नए साल के साथ ही मलमास के समापन होने के पश्चात 16 जनवरी से पुनः मांगलिक आयोजनों की श्रृंखला बनेगी। ज्ञात हो कि 23 नवंबर को देवउठनी एकादशी पर्व के साथ ही मांगलिक आयोजनों का सिलसिला जारी है। लगातार वैवाहिक मुहूर्त के चलते शादी-पार्टी वातावरण अंचल में बना हुआ है। लोगों में व्यस्तता बनी हुई है। दिसंबर माह में लगातार वैवाहिक मुहूर्त के बाद 16 दिसंबर से खरमास लग गया है इस माह को मानने वाले इस दौरान वैवाहिक आयोजन नहीं करते। लिहाजा 15 दिसंबर तक ही वैवाहिक मुहूर्त था।

### इन तिथियों में होंगे वैवाहिक कार्यक्रम

पंडितों एवं कैलेंडर के अनुसार 15 दिसंबर के बाद खरमास लगने से लगभग माह भर मांगलिक कार्यक्रम नहीं होंगे। खरमास का समापन नए साल 15 जनवरी होगा। इसके साथ ही मांगलिक आयोजनों का सिलसिला शुरू हो जाएगा। कैलेंडर के अनुसार जनवरी माह में 16, 17, 21, 22, 27, 29, 30, 31 को, फरवरी में 1.2. 4, 6, 7, 12, 17, 18, 19, 24, 25, 26, 27, 29, मार्च माह में 2, 3, 4, 5, 6, 11, 12, जुलाई में 9, 11, 12, 13, 15, नवंबर माह में 17, 22, 23, 24, 25 एवं दिसंबर माह में 2, 3, 4, 10, 13 व 15 को वैवाहिक मुहूर्त है।बताया गया कि सूर्यदेव जब गुरु की राशि धनु या मीन में प्रवेश करते हैं तो खरमास लगता है। फिर एक माह बाद जब मकर राशि में सूर्यदेव आते हैं, तब खरमास का समापन होता है। दिसंबर माह में 16 तारीख से खरमास प्रारंभ हो गया है, जो 15 जनवरी तक चलेगा। बहरहाल अब वैवाहिक मुहूर्त के लिए लगभग माह भर का इंतजार करना पड़ेगा।

# पारा लुढ़कते ही नगर में सुबह शाम छा रही कोहरे की चादर





हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

- राजहरा सहित ग्रामीण इलाकों में ठंड से बचने अब अलाव का सहारा

वनांचल क्षेत्र दल्लीराजहरा में इन दिनों कड़ाके की ठंड पड़ रही है। चारों ओर वनों से घिरा दल्लीराजहरा का पारा लुढ़कने लगा है। जिसकी वजह से कड़कड़ाती ठंड पड़ रही है। क्षेत्र में मौसम साफ होते ही ठंड का असर देखने को मिल रहा है। रात का पारा 5 डिग्री तक कम हो गया है, इससे सुबह घने कोहरे की चादर बिछ रही है, कोहरे के चलते दृश्यता भी काफी कम हो गई है।

सुबह 9 बजे के बाद गुनगुनी धूप का लोग मजा ले रहे हैं, वहीं हवा में नमी गायब होने तथा हवा सर्द होने से लोग दिन भर गर्म कपड़े पहने नजर आ रहे हैं। शाम होते ही दल्लीराजहरा नगर सहित क्षेत्र में सन्नाटा पसर जा रहा है।दल्लीराजहरा क्षेत्र में मौसम के साफ होते ही ठंड का असर बढ़ा है और सुबह-शाम को ठंड ठिठुरन पैदा करने लगी है। ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को अलाव जलाकर आग संकते आसानी से देखा जा सकता है। बदली और मौसम खराबी के चलते ठंड गायब हो गई थी। लेकिन अब मौसम के साफ हो जाने से दल्लीराजहरा क्षेत्र में ठंड बढ़ गई है। रात के समय ठंड बढ़ने से नगर व ग्रामीण क्षेत्र के चौक-चौराहों में लोगों को लकड़ी का अलाव जलाकर ठंड से बचने का जतन कर रहे हैं।



### तापमान में भारी गिरावट

दल्लीराजहरा क्षेत्र चारों तरफ पहाड़ी इलाकों से घिरा हुआ है। पहाड़ी इलाकों में सुबह 09 बजे तक कोहरे की चादर बिछी रहती है। शाम होते ही ठंड में कोहरे से मनोरम दृश्य देखने लायक बन रहा है। ठंडी हवा चलने से ठिठुरन बढ़ गई और लोगों की दिनचर्या में बदलाव आ गया है।

### आसमान साफ होते ही बढ़ी ठंड

मोटरसाइकल में सफर करने वाले लोग सुबह और शाम व रात को सफर करने से बच रहे हैं। नगर में गर्म कपड़ों की मांग बढ़ गई है। अचानक ठंड बढ़ने से इसका असर भी सेहत पर देखने को मिल रहा है। लोग सर्दी, खांसी, बुखार की चपेट में आ रहे हैं। ठंड के चलते मार्निंग वॉक करने वालों की संख्या इन दिनों कम हो गई है। गर्म कपड़ों की मांग बढ़ने लगी है। दल्लीराजहरा में शाम ढलते ही लोग घरों में दुबक रहे हैं।


## पाठक सूचना

बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082

दल्लीराजहरा - 9993246100


### ठंड बढ़ते ही जलने लगे अलाव



**बालोद।** बीते एक सप्ताह से आसमान साफ होने से मौसम में ठंडकता बढ़ गई है। लोग अलाव का सहारा ले रहे हैं। हालांकि दिन में धूप के साथ तापमान में आंशिक रूप से बढ़ोतरी हुई है, लेकिन ठंड बने रहने से दिन में भी गर्म कपड़ों का सहारा लेना पड़ रहा है। रात का पारा सामान्य से काफी कम रहता है, जिसके कारण लोग सुबह और शाम को अलाव का सहारा लेने लगे हैं। वहीं शाम होते ही लोग सफर करने से बचते नजर आ रहे हैं, केवल चारपहिया वाहन और मालवाहक वाहन ही सड़कों में शाम होने के बाद दिखाई दे रहे हैं। जबकि मोटरसाइकिल में सफर करने वाले लोग शाम होते ही सफर करने से परहेज कर ▶▶| शेष पेज 10 पर




## खबर संक्षेप



### आटो से चावल की तस्करी करते पकड़ाया

**भिलाई।** शहर में पीडीएस चावल की तस्करी बंद होने का नाम नहीं ले रहा है। जिसे लेकर खाद्य विभाग की सेटिंग के चलते तस्करों पर मेहरबानी की जा रही है। छावनी पुलिस ने शनिवार को अवैध रुप से पीडीएस चावल की तस्करी करने वाले को पकड़ा है। जिसे फूड विभाग को सौंपा गया है। छावनी पुलिस ने बताया कि सूचना पर पुलिस ने एक ऑटो को पकड़ा गया। जिसमें बारी तदात में चावल लोड था। मित्तल ट्रेडर्स संचालक दीपक अग्रवाल से मामले में पूछताछ जारी है। जलेबी चौक के पास से ऑटो में 24 कट्टा चावल बरामद किया है। पीडीएस का चावल जांच के लिए पुलिस ने खाद्य विभाग को सौंप दिया है।

### सेन समाज की संभाग स्तरीय बैठक

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ प्रांत सेन समाज का संभाग स्तरीय बैठक शुरू हो गया है। हर संभाग में जिले के पदाधिकारी इसमें शामिल होगें। 15 व 16 दिसंबर को बिलासपुर और सरगुजा संभाग में बैठक के बाद 19 दिसंबर को बस्तर के समुन्द चौक कृष्णा मंदिर जगदलपुर में बैठक होगी। प्रांतीय सचिव भुवनलाल कौशिक ने बताया कि संभाग स्तरीय बैठक में संगठनात्मक चर्चा समेत अन्य मुद्दों पर बातचीत होगी। चुनाव के बाद यह संभाग स्तरीय पहली बैठक है। बस्तर संभाग की बैठक के बाद रायपुर, दुर्ग संभाग की बैठक होगी। इसकी तिथि जल्द घोषित की जाएगी। प्रांताध्यक्ष पुनीत राम सेन अपने प्रांतीय कार्यकारिणी का भी गठन करेंगे। बैठक में प्रांताध्यक्ष पुनीतराम सेन,मुख्य निर्वाचन अधिकारी खम्हनलाल शांडिल्य शामिल थे।

### छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम 18 को

**उतई।** सतनामी समाज शास्त्री चौक डुंडेरा द्वारा बाबा गुरु घासीदास जयंती का आयोजन 18 दिसम्बर को किया जाएगा। जिसकी तैयारी समिति द्वारा जोरो-शोरो से की जा रही है। आयोजन के संबंध में समाज के अध्यक्ष कीर्तन कोसरे एवं एल्डरमेन तरुण बंजारे ने बताया की शास्त्री चौक डुंडेरा में 18 दिसम्बर गुरु घासीदास जयंती के अवसर पर ग्राम गब्दी के पंथी पार्टी के साथ पालो चढ़ाव का कार्यक्रम होगा एवं रात्रिकालीन आकर्षण में विजय चंद्राकर कृत छत्तीसगढ़ी लोक कला मंच ''तिहार'' धमतरी की रंगारंग प्रस्तुति होगी।आयोजको ने समारोह में ग्राम सहित आसपास के लोगो को शामिल होने अपील की है।

### घासीदास जंयती व नाच की प्रस्तुति 18 को

**निकुम।** समस्त सतनामी समाज एवं ग्रामवासी निकुम के तत्वावधान में घासीदास नगर निकुम संत शिरोमणि बाबा घासीदास की दो दिवसीय जयंती धूमधाम से मनायी जायेगी। जिसके अंतर्गत रविवार को शाम 4 बजे नवीन जय स्तंभ गुरु गद्दी का लोकापर्ण कर शोभायात्रा, अखाड़ा प्रस्तुति व गुरु गद्दी स्थापना, चौका आरती पं.खुमानदास जोशी करेगें। जिसमें मुख्य अतिथि विधायक दुर्गग्रामीण ललित चन्द्राकर होगें।

# नेवारीकला में तांदुला नदी पर पुल बनने को लेकर सशंकित हैं ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

जिले के ग्राम नेवारीकला में तांदुला नदी पर पुल बनाने के वर्षों पुराने मांग पर राजनीति के कारण तलवार न लटक जाए यह डर ग्रामीणों को सताने लगा है। जिले के ग्राम नेवारीकला में 7 हजार से ज्यादा की जनसंख्या निवास करती है, जहां तांदुला नदी पर पुल बनाने की मांग कई वर्षों से ग्रामीणों द्वारा किया जा रही है, लेकिन पिछले वर्ष कांग्रेस के शासन काल में विधायक संगीता सिन्हा द्वारा प्रमुखता से विधानसभा में यह मांग रखने पर शासन के बजट में यह मांग पास हो गया है। लेकिन, शासन की ओर से बजट में शामिल करने के बाद भी कांग्रेस सरकार के अंतिम समय तक भी कार्य आरंभ नहीं हो सका। वहीं, अब भारतीय जनता पार्टी की सरकार आ गई, हालांकि विधायक कांग्रेस की संगीता सिन्हा ही हैं। ग्रामीणों में यह चर्चा शुरू हो गई है कि सरकार बदलने से कहीं काम अटक न जाए।

ग्राम नेवारीकला में कुम्हार, सब्जी व्यापारी, दुग्ध व्यापारी, मजदूर, विद्यार्थी, कर्मचारी रोजाना ही जिला मुख्यालय आते हैं। बरसात के दिनों में नदी में बाढ़ आ जाने पर ग्रामीणों को 14 किलोमीटर का सफर तय करना पड़ता है, वहीं, बाढ़ के बाद पानी कम होने पर सायकल वाले जैसे तैसे आना जाना करते ही रहते हैं, लेकिन बड़े वाहन के साथ मोटर सायकल वाले लोगों को बरसात के प्रारंभ होने से लेकर दिसंबर तक पानी कम होने तक 14 किलोमीटर का सफर तय करना पड़ता है।

## कांग्रेस शासन में मिली स्वीकृति पर शुरू नहीं हुआ निर्माण





### 8 किमी कम हो जाएगी दूरी

गौरतलब है कि नदी में पुल बन जाने से 14 किलोमीटर का सफर मात्र 6 किलोमीटर में ही पूरा हो जाएगा। लेकिन वर्षों तक मांग करने के बाद भी किसी ने ध्यान नहीं दिया और जब एक साल पूर्व पुल बनाने के प्रस्ताव को बजट मे शामिल कर लिया गया है बताते है कि पुल के सर्वे का काम भी पूरा हो गया है, लेकिन काम शुरु नहीं हो सका। इधर, अब चुनाव के बाद नई सरकार का गठन भी हो चुका है, लेकिन ग्राम नेवारीकला के तांदुला नदी पर पुल बनाने का काम अभी तक प्रारंभ नहीं हुआ है, जिससे ग्रामीणों के डर का कारण बन रहा है कि कहीं उनका सपना राजनीतिक का शिकार न हो जाए। वहीं, ग्राम नेवारीकला में पुल बनने के बाद लोग सीधे जिला मुख्यालय से दुर्ग रोड पर मात्र 6 किलोमीटर में पहुंच जाएंगे, जिससे उनका 10 किलोमीटर की बचत होगी। वहीं दुर्ग से आने वाले नेवारीकला के माध्यम से सीधे जिला मुख्यालय आने की सुविधा हो जाएगी।

## प्रवचन : अंचल के ग्राम औरी में संगीतमय शिव पुराण कथा जारी

# सत्संग से निकलती है सुख शांति की राह





हरिभूमि न्यूज ▸▸ जामगांव आर

औरी में संगीतमय शिव पुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के दूसरे दिन रविवार को कथा आसंदी पर विराजमान पंडित देवेंद्र पाठक ने आदि शिव लिंग उत्पत्ति एवं शिव लिंग पूजन उत्पत्ति पर व्याख्यान करते हुए बताया कि भगवान उन भक्तों की भक्ति बड़ी सरलता से स्वीकार करते हैं, जो भक्त पापों से परहेज करने वाला कर्म को प्राथमिकता देते हैं। उन्होंने कहा कि सदा भला करें, भला सोचें, भोलेनाथ आपके साथ होंगे।

पंडित श्री ने कहा कि आम जीवन में हर आदमी सुख शांति से जीना चाहता है लेकिन यह नहीं समझ पाता कि सुख शांति जीवन में आयेगी कैसे। जब आदमी सत्संग में आता है और दुसरो के दोषो के देखने के बजाय खुद के दोषों को देखने का मन बनाता है चिंतन करता है चिंतन करते चला जाता है तब अपने दोष हटने लगते है दूसरो में भी सदगुण नजर आने लगते है और तब जीवन में सुख शांति प्रवेश करने लगता है।



### शिव भक्तों की भीड़ उमड़ी

शिव महापुराण कथा श्रवण करने शिव भक्त महिलाओं की अच्छी खासी भीड़ उमड़ पड़ी आस पास के ग्रामों के शिव भक्तो को खबर मिलते ही दोपहर 1 बजे से 5 बजे तक चलने वाले कथा श्रवण कर अपने जीवन को कृतार्थ करने की चर्चा जोरों पर है।

### अहंकार लोभ पाप का बंध करते हैं

शिव पुराण कथा सागर में गोता कराते हुए पंडित देवेंद्र पाठक ने कहा कि तन मन और धन का अहंकार लोभ पाप का बंध कराते है। पाप का बंध का सीधा आशय समझिए अपने भविष्य के लिए खाई खोदने के समान है। पंडित श्री ने कहा ऐसा कर्म ही क्यों करे की खाई में गिरना पड़े। सदा भला करे भला सोचे आपका भला होना तय है।भोलेनाथ आपके साथ होंगे।

### भाव के अनुरूप भगवान फल देते है

पंडित देवेंद्र पाठक ने कहा कि भगवान भाव के भूखे होते है भक्त का भाव जैसा होता है उसे वैसा ही फल मिलता है ।आपके अंदर के भाव को आप और भगवान अंतर्यामी ही समझते है। मन में कुविचारों के साथ कुदृष्टि के साथ भगवान से भेंट दर्शन कैसे फल दायक होगी, आप स्वयं समझते है जानते है फिर भी यह भूल कर बैठते है। ऐसे परिवेश से बचना चाहिए। डाक्टर गुलाब साहू, संतोष शर्मा, भगवान चंद्राकर, द्वारिका साहू, आकाश साहू, गिरेंद्र चंद्राकर, तुलेश निर्मल, राजेंद्र साहू, प्राचार्य योगेंद्र साहू, ढालेश्वर साहू, नीलकंठ साहू, नारायण चंद्राकर, युवराज चंद्राकर, मोहन चंद्राकर परिवार सहित ग्रामीणों ने शिव महापुराण कथा का लाभ लिया।



# बच्चों को बताए नशे के दुष्परिणाम दूर रहने के लिए किया गया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज. अंडा

- हाईस्कूल अंजोरा में हुई बाल सहयोगी की बैठक

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अंजोरा (ख) दुर्ग में स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित ग्राम स्वास्थ्य एवं स्वच्छता समिति ग्राम अंजोरा के तत्वावधान में बाल सहयोगी की बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर व्याख्याता शिवनारायण देवांगन आस, प्रशिक्षक पार्वती देवांगन मितानिन महेश्वरी निषाद,रूपा यादव व चित्ररेखा साहू आदि उपस्थित रहे। प्रशिक्षक पार्वती देवांगन ने सभी बच्चों को पोषक आहार की जानकारी दी, वहीं नशा से होने वाले नुकसान की जानकारी देते हुए उसके बचाव के उपाय बताए। सभी बच्चों ने ध्यान पूर्वक सुनकर नशे से दूर रहने की बात कही। सभी मितानिनों ने भी बुकलेट देकर सीख लेने की बात कही। इस अवसर पर व्याख्याता शिवनारायण देवांगन आस ने भी बच्चों को नियमित रूप से पोषण आहार लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में विभा देशमुख, लक्ष्मी वर्मा, सुमन साहू, रोशनी निषाद, रूपाली वर्मा, रविना यादव, प्रियंका साहू, गीतांजली निषाद, कुमकुम निषाद, कुमकुम साहू, सुबंध, रूपेश निषाद, सोहेल साहू, प्रणय कुमार साहू, रितेश साहू आदि बच्चे उपस्थित रहे।



# जिले के दर्शनीय स्थलों पर बढ़ने लगी भीड़, सुरक्षा के उपाय जरूरी



**बालोद।** साल 2023 को बीतने में अब महज 14 दिनों का शेष समय रह गया है। दिसम्बर का आधा माह बीतने के बाद अब जिले में सैलानियों के पहुंचने का क्रम शुरू हो चुका है। सैलानी नया साल मनाने से लेकर पिकनिक और पर्यटन स्थलों को देखने भारी संख्या में जिला पहुंच रहे हैं।

प्रदेश के कोने कोने से सैलानी सामुहिक रूप से बालोद जिले मे घूमने वाहनों से पहुंच रहे हैं। सरकारी अवकाश तथा आने वाली शितकालीन अवकाश के मद्देनजर स्कूली बच्चें भी स्कूल के शिक्षकों के साथ व अपने परिवार वालो के साथ धार्मिक स्थलों व पर्यटन स्थलों में पहुंचने का सिलसिला शुरू हो चुका है। रविवार को प्रदेश के कई अलग अलग जिलों से सैलानी तांदुला जलाशय, सियादेवी मंदिर, रानीमाई मंदिर, गंगा मैया मंदिर सहित पाटेश्वर धाम, ओनाकोना जैसे धार्मिक व पर्यटक स्थलों में घूमने पहुंचे। मंदिरों व पर्यटक स्थलों में सैलानियों के पहुंचने से रौनक बढ़ गई है। आने वाले दिनों में इसमें और वृद्धि होगी। ऐसे में यहां के प्रसिद्ध मंदिरों व पर्यटन स्थलों में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुख्ता इंतजाम करने की जरूरत है, क्योंकि आने वाले 15 से 20 दिनों तक यहां सैलानियों का आना जाना लगा रहेगा, ऐसे में कई तरह के सैलानी ऐसे भी होते हैं, जो बैखोफ होकर लापरवाही बरतते हैं, ऐसे में सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए प्रशासन को सुरक्षा का कड़ा इंतजाम करने की जरूरत है।



# एनएसएस का सात दिवसीय शिविर संपन्न



**अंडा।** स्व. पुकेश्वर सिंह भारदीय शासकीय महाविद्यालय निकुम के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर 9 से 15 दिसंबर सम्पन्न हुआ। शिविर के परवर्ती भाग में स्वयंसेवकों के द्वारा समाज के लिए नशा मुक्ति, दहेज प्रथा तथा उन्मूलन एवं पर्यावरण संरक्षण विषय से संबंधित विविध आयोजनों का क्रियान्वयन हुआ। इसमें प्रभात फेरी, परियोजना कार्य तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से व्यसन तथा दहेज प्रथा के प्रति सजगता, इनके दुष्प्रभाव तथा इनके बारे में जानकारी ग्रामवासियों को दी गई। बौध्दिक परिचर्चा में स्वयंसेवकों को डॉ. विनय शर्मा, जिला संयोजक रासेयो के द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्व पर व्याख्यान दिया गया। महाविद्यालय के रेड रिबन क्लब के द्वारा एड्स जागरूकता से संबंधित नाटक का मंचन तथा ग्राम के रंगमंच में सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं नाटक प्रस्तुत किया गया। शिविर के समापन के पूर्व रात्रि कैम्प फायर का आयोजन किया गया। समापन समारोह में ग्राम पंचायत सरपंच घनश्याम साहू, रमेश देशमुख, ईश्वर लाल देशमुख मौजूद रहे। समारोह में पुरस्कार वितरण तथा अतिथियों के द्वारा आशीर्वचन प्रदान किया गया। भोजन व्यवस्था में सुभाष चंद्र बोस दल, सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्वामी विवेकानंद दल, परियोजना कार्य में अमर्त्य सेन दल तथा सर्वश्रेष्ठ दल का पुरस्कार सुभाष चंद्र बोस दल ने प्राप्त किया। शिविर के लिए प्राचार्य डॉ. डी. के. बैलेन्द्र, सहायक प्राचार्य डॉ. सीमा जायसवाल, डॉ. ओंकार प्रसाद चंद्रा, डॉ. शिप्पी देवांगन, अंजु रानी ठाकुर, सुश्री पूजा सोढा, अन्नपूर्णा यादव आदि का विशेष योगदान रहा।

# सुरेगांव टीआई पर दादागिरी का आरोप पुलिस अधीक्षक से शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ देवरी बंगला

- गवाह से गाली-गलौच, धमकाने-चमकाने का लगा गंभीर आरोप

सुरेगांव थाना प्रभारी पर एक गवाह को थाना में बुलाकर धमकी-चमकी करने तथा गवाह के साथ आए व्यक्ति के द्वारा विरोध करने पर दुर्व्यवहार करते हुए धक्का मारकर बाहर निकालने व झूठे मामले में फंसाने जैसी गंभीर शिकायत एसपी कार्यालय पहुंची है।

शिकायतकर्ता युगल किशोर कश्यप द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय बालोद में दी गई लिखित शिकायत में कहा गया है कि ग्राम सुरसुली निवासी टुमन लाल साहू के द्वारा व्यवहार न्यायालय प्रथम श्रेणी डौडी लोहारा में परिवाद पेश किया गया है। उक्त परिवाद में साक्षी दिनेश कुमार धनकर निवासी सिंगारपुर थाना सुरेगांव को अपना कथन देने थाना बुलाया गया था। दिनेश कुमार धनकर को सुरेगांव थाना वालों से भय व डर था,



जिसके कारण बिना भय व डर के कथन देने की बात कहते हुए अपने साथ युगल किशोर कश्यप और टुमन साहू को लेकर बयान देने सुरेगांव थाना पहुंचा था। प्रार्थी के अनुसार 14 दिसंबर को सुबह लगभग 11.30 बजे तीनों सुरेगांव थाना पहुंचे थे। प्रार्थी युगल किशोर कश्यप थाना के हाल में बैठा था। दिनेश धनकर को अंदर कमरे में बैठा कर टीबआई अजित महोबिया के द्वारा गाली-गलौच किया गया। यहां तक कि गवाह दिनेश को धमकाते हुए टीआई अजित महोबिया ने कहा कि इसके पूर्व दो बार तहसीलदार और मजिस्ट्रेट के सामने बयान दिया है, अब बयान बदलने पर उल्टे जेल जाएगा। इस तरह से धमकाते हुए टीआई द्वारा लगातार अपशब्दों का प्रयोग किया गया। इस पर प्रार्थी युगल किशोर ने टीआई श्री महोबिया से गाली-गलौच व धमकी चमकी न करने कहा गया। इसी बात से टीआई श्री महोबिया भड़क उठे और अश्लील गाली-गलौच करते हुए दुर्व्यवहार किया गया। यहां तक कि उसे धक्का देकर थाना परिसर से बाहर निकालकर झूठे मामले में फंसाने की धमकी दी गई। टीआई श्री महोबिया की दादागिरी को सी. सी. टी .वी. फुटेज़ में भी देखा व सुना जा सकता है। प्रार्थी युगल किशोर कश्यप ने बालोद पुलिस अधीक्षक के पास लिखित शिकायत देकर टीआई अजित महोबिया के खिलाफ कार्यवाही करने निवेदन किया है।

### अधिकारियों ने कहा

सूरेगांव थाना प्रभारी अजीत महोबिया ने बताया कि उन्होंने किसी भी तरह की धक्का-मुक्की नहीं की है, गाली-गलौज नहीं किया है, आरोप निराधार है।

जिला पुलिस अधीक्षक जितेंद्र यादव ने बताया कि उनके संज्ञान में घटना की जानकारी नहीं आई है। हालांकि हरिभूमि के माध्यम से यह जानकारी प्राप्त हुई है। पता करके जांच करवा कर जो उचित कार्रवाई होगी करेंगे।

## कई किसान लगा चुके थरहा

# धान कटाई के बाद शुरू हुई रबी की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

जिले में धान की कटाई के बाद रबि फसल की तैयारी प्रारंभ हो गई है। इसके तहत किसान खेतों की सफाई के साथ अन्य कार्यों में जुट गए हैं।

जिले में कई ऐसे भी किसान हैं, जो रबी में धान का फसल लेने के लिए खेत के एक कोने को रोपा लगाने के लिए धान का थरहा तैयार कर रहे हैं और कई ऐसे भी किसान हैं जिन्होंने थरहा लगाने के लिए खेतों को मता कर धान का छिड़काव कर भी दिया है, जिसमें हरे भरे धान के छोटे छोटे पौधे दिखने भी लगे हैं।

इसके लिए किसानों द्वारा धान की कटाई के कुछ दिनों के बाद ही बीजहा धान को लेकर बोरे में भरकर कुछ दिनों तक अंकुरण के लिए पानी में रखा, उसके एक दिन बाद धान को निकालकर घर में एक जगह इकट्ठा कर दो तीन दिनों तक गर्म पानी देकर धान को पलटने का काम किया और गर्म पानी देने के बाद बोरे से ढककर उसे पैरा से ढका, उसके बाद किसानों द्वारा उसमें अंकुरण आने के बाद खेतों में छिड़काव किया गया।

वहीं, कई जागरूक किसान गर्मी में पानी की कमी होने की समस्या को देखते हुए धान कटाई के बाद अब खेतों में सब्जी की फसल लगा रहे हैं, जिससे उन्हें कम पानी में आय का स्त्रोत बना रहे। किसानों द्वारा फसल कटाई के बाद खेतों की जुताई कराकर उसमें छोटे छोटे मेढ़ का निर्माण किया जा रहा है जिसमें अलग अलग मेढ़ में किसान विभिन्न प्रकार के सब्जी फसलें लगा रहे हैं। जिसमें उन्हें कम पानी में सब्जी के फसल के साथ आय भी प्राप्त हो जाएगी।





### धान को पानी की ज्यादा जरूरत, दूसरी फसल के लिए देना होगा ध्यान

वहीं, गर्मी में पानी की कमी को देखते हुए विभागों द्वारा इस ओर किसानों को जागरूक करने के लिए कोई कार्य नहीं किया जा रहा है। चूंकि वर्तमान में लोग धान की फसल तो ले लेते हैं, लेकिन धान की फसल को अधिक पानी की जरूरत होती है और जब पकने का समय आता है तो गर्मी के कारण धान को पर्याप्त पानी उपलब्ध नहीं हो पाता इसलिए प्रशासन द्वारा अभी से किसानों को जागरूक कर दलहन तिलहन के लिए प्रेरित करना चाहिए ताकि आगे किसानों को कोई नुकसान का सामना न करना पड़े।

## पेज 9 के शेष

### सब्जी मंडी के पास वाहनों ...

कर यहां लाते हैं और फुटकर व्यापारी इसे खरीदने सुबह से ही अपने छोटे बड़े वाहनों को लेकर सब्जी मंडी पहुंच जाते हैं। सब्जी मंडी के आसपास वाहनों के कतार लगे होने के कारण लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, वहीं कई बड़े वाहन चालक लापरवाही भी ऐसे करते हैं जिससे विवाद की स्थिति निर्मित हो जाती है। गांधी भवन से हीरापुर मार्ग में सुबह से दोपहर तक वाहन सड़क पर कहीं भी खड़े कर दिए जाते हैं, इससे आम जनता को परेशानी होती है। वहीं, सब्जी मंडी के आसपास निवासरत लोगों को इसका सबसे ज्यादा खामियाजा भुगतना पड़ता है।

### सड़क पर लगता है जाम...

रही है। वहीं, जिस नगर पालिका पर व्यवस्था करने की जवाबदारी है वह इस ओर उदासीन है। जिसका नतीजा आमजनता को ट्रैफिक जाम से गुजरना पड़ रहा है। सब्जी मंडी में सुबह से दोपहर तक यातायात बदहाल रहता है, शाम होते ही फुटकर व्यापारियों का पसरा लगने के बाद आवागमन में बाधा उत्पन्न होता है।

**सड़ी-गली सब्जियों को सड़क पर छोड़ रहे व्यापारी :** सुबह से ही थोक व्यापारी भारी मात्रा में सब्जी की बिक्री फुटकर व्यापारियों को करते हैं। इस दौरान कई सब्जियां सड़ी-गली होने तथा खराब हो जाने के कारण उसे सब्जी मंडी के पास ही खुली जगह पर छोड़ दिया जाता है, जो घुमंतू पशुओं के लिए भोजन का काम आता है। लेकिन, पशुओं का झुंड अधिक होने के कारण आसपास गंदगी फैल जाती है, वहीं यातायात व्यवस्था भी चरमरा जाती है। ऐसे में सब्जी मंडी के आसपास सफाई व्यवस्था और यातायात व्यवस्था को सुधारने की सख्त जरूरत है।

### ठंड बढ़ते ही जलने ...

रहे हैं। ठंड बढ़ने से गर्म कपड़े की खूब बिक्री हो रही है। स्थाई कपड़ा दुकानों के साथ अस्थाई रूप से कई कपड़ा दुकान शहर में लगे हैं। जहां अन्य प्रदेशों से विभिन्न वेराइटी के गर्म कपड़े की बिक्री हो रही है। जहां लोग खरीदी करने भी पहुंच रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### संत राम बालकदास को मिली गौदूत की जिम्मेदारी



**डौंडीलोहारा।** पूरे भारतवर्ष में गौमाता को राष्ट्रमाता के पद पर स्थापित करने के लिए चारों शंकराचार्य एकजुट होकर कार्य कर रहे हैं। ऐसे समय में भारत वर्ष के प्रत्येक प्रदेश में एक संत को गौदूत के रूप में प्रदेश प्रमुख का दायित्व दिया गया है।इस श्रेणी में छत्तीसगढ़ के लिए संत श्री राम बालक दास को प्रदेश का प्रमुख बनाया गया है। इस अभियान के अंतर्गत आने वाले कुछ दिनों में छत्तीसगढ़ में 11 विशिष्ट संतों को धर्म सांसद के रूप में दायित्व दिया जाएगा और जिला एवं ब्लॉक स्तर पर समितियां भी बनाई जाएगी। संत श्री राम बालक दास ने पत्रकारों को बताया कि फरवरी में प्रयाग में होने वाले धर्म संसद में उन्हें भी आमंत्रित किया गया है।

### शहीद वीर नारायण सिंह का शहादत दिवस कल



**दल्लीराजहरा।** छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा के अध्यक्ष, संरक्षक जिला किसान संघ एवं पूर्व विधायक जनक लाल ठाकुर ने आम जनता से शहीद कामरेड वीर नारायण सिंह की शहादत दिवस पर शामिल होने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ माइंस श्रमिक संघ/ छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा द्वारा सन् 1979 से ही शहीद कामरेड शंकर गुहा नियोगी के सफल नेतृत्व व दूर-दृष्टि तथा शहीदों को सम्मान के परिणाम स्वरुप शहीद कामरेड वीर नारायण सिंह की शहादत दिवस प्रतिवर्ष विभिन्न बड़े शहरों व कस्बों में 19 दिसम्बर को शहादत दिवस के रुप में लगातार मनाते आ रही है। प्रतिवर्ष की भाँति इस वर्ष भी शहीद कामरेड वीरनारायण सिंह का शहादत दिवस 19 दिसंबर को शहीद नगरी दल्लीराजहरा में कार्यक्रम आयोजित है। साथ ही साथ छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा के सभी मुखिया पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ता व किसान संघ के साथियों के साथ श्रद्धांजलि सभा के पहले सुबह 11 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक आपसी बातचीत व सांगठनिक चर्चा भी कार्यालय में की जायेगी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम दल्ली राजहरा के शहीद भवन में होगा।



## निधन

### उमेंद साहू



**अंडा।** बजरंग चौक बोरसी वार्ड क्रमांक 52 निवासी उमेंद साहू उम्र 90 वर्ष का 17 दिसंबर को निधन हो गया। वे नरेश साहू, सुरेश, रामबीर, रामअवतार साहू के पिता जी थे। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम स्थित मुक्तिधाम में किया गया।

---

**शुभारंभ : दुर्ग ग्रामीण विधानसभा ललित ने ग्राम पंचायत महमरा में किया यात्रा का शुभारंभ**

# देश की प्रगति व जरुरतमंदों की उन्नति का अभियान है विकसित भारत संकल्प यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा







ग्राम पंचायत महमरा में विकसित भारत संकल्प यात्रा निकालने के साथ ही बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान लोगों को केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। इस अवसर पर विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के संकल्प के अनुसार अंजोरा की प्रगति और जरुरतमंद के जीवन स्तर को उन्नति की ओर अग्रसर करने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा एक बड़ा और व्यापक अभियान है।

शनिवार को ग्राम पंचायत अंजोरा के महमरा और अंजोर में विधायक ललित चंद्राकर ने विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ किया। उन्होंने ग्रामीणों को योजनाओं से अधिक से अधिक जुड़कर लाभ प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। इसके साथ ही वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने में अपना सहयोग देने के लिए सभी को शपथ भी दिलवाई। शिविर में विभिन्न विभागों ने केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं से संबंधित स्टॉल और प्रदर्शनी भी लगाई। कृषि विभाग, उद्यान विभाग, समाज कल्याण, महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, आजीविका मिशन, पशुपालन, सहकारी समिति के अधिकारियों और कर्मचारियों ने लोगों को सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। लोगों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। आयुष्मान कार्ड, आभा आईडी, स्वयं सहायता समूह की ओर से बनाए गए उत्पाद आदि की सुविधा भी दी गई।

### विधायक चंद्राकर ने गैस चूल्हे का किया वितरण

अंजोरा मंडल क्षेत्र के ग्राम पंचायत महमरा में विधायक ललित चन्द्राकर ने सरस्वती यादव और गौरी गोड़ को उज्जवला योजना के तहत गैस सिलेंडर तथा चूल्हा प्रदान किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य माया बेलचंदन, अंजोरा मंडल अध्यक्ष गिरेश साहू, सरपंच खेमेश्वरी निषाद, नर्मदा ठाकुर, रूखमणी निषाद, निर्मला निषाद, खेमलाल साहू, दिनेश देशमुख, सुखदेव देवांगन, शिव निषाद, जीतू देवांगन, यमिनी हरमुख, पुराण देशमुख, लोकेश चक्रधारी सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता व ग्रामीण उपस्थित थे।

### योजनाओं की दी जानकारी

कार्यक्रम में केंद्र सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए आईईसी मोबाइल वैन के जरिए प्रधानमंत्री के संदेश, योजनाओं की जानकारी और योजनाओं से संबंधित चलचित्र प्रदर्शन किया गया। इसके अलावा योजनाओं से संबंधित पाम्पलेट, बुकलेट आदि वितरित किए गए और विभिन्न योजनाओं की जानकारी आम जनता को दी गई। स्कूली बच्चों ने संदेशपरक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। योजनाओं के संबंध में जागरूकता के लिए स्वच्छता, शिक्षा से संबंधित लघु नाटिका की प्रस्तुति स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा दी गई। विभागीय अधिकारियों द्वारा प्राकृतिक खेती, स्वाईल हेल्थ कार्ड के संबंध में जानकारी दी गई। अंत में जिला पंचायत के सीईओ ने सभी लोगों की व्यापक सहभागिता के प्रति आभार प्रकट किया।

---

## पंचायत सचिव संघ की चौथी बार ब्लाक अध्यक्ष बने चुनुराम



**डौंडीलोहारा।** छत्तीसगढ़ पंचायत सचिव संघ के प्रांतीय आह्वान पर प्रत्येक 3 वर्ष में पंचायत सचिव संघ के नवीन पदाधिकारी, कार्यकारिणी का चयन जनपद, जिला एवं प्रांत निकाय पर किया जाता है। इसके तहत जनपद पंचायत डौंडीलोहारा सचिव संघ के अध्यक्ष का चुनाव 16 दिसंबर को हुआ।

इसमें लगातार चौथी बार चुनुराम सिन्हा को निर्विरोध ब्लॉक अध्यक्ष बनाया गया। इससे पूर्व मध्य प्रदेश राज्य था तब भी चुनुराम सिन्हा दो बार ब्लाक अध्यक्ष रह चुके हैं। ब्लॉक अध्यक्ष के चुनाव हेतु निर्वाचन अधिकारी के रूप में गुरुर ब्लॉक से पन्नालाल सिन्हा, रोहित कुमार सिन्हा एवं कामता प्रसाद देवांगन उपस्थित होकर निर्वाचन प्रक्रिया पूर्ण किये। चुनुराम सिन्हा द्वारा नवीन कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष दिनेश कुमार गंजीर व राजेश्वरी पटेल सचिव मेनन सिंह अटल सलाहकार देवलाल मालेकर एवं जागेश्वर साहू कार्यकारिणी सदस्यों में मोहित मालेकर, लच्छन पटेल, टुमन भालेंद्र, शिव कुमार साहू, सरोज केराम, योगेश कुमार साहू, जितेंद्र मालेकर, भूपेंद्र यादव, भूपेश देशमुख, गोविंद साहू, हेमंत कुमार केशरिया, विदेश जगनायक को नियुक्त किया गया।

## युवराज लाल निवेन्द्र सिंह ने मुख्यमंत्री साय से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



राज परिवार के युवराज लाल निवेन्द्र सिंह टेकाम ने 16 दिसम्बर को नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से राजधानी रायपुर स्थित पहुना में सौजन्य भेंट की। उन्होंने श्री साय को मुख्यमंत्री बनाये जाने पर बधाई व शुभकामनाएं दीं।

श्री टेकाम ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से चर्चा कर बताया कि स्व.रानी झमित कुंवर देवी ने अपने समय में कई स्कूलों के लिए जमीन व मैदान के लिए दिया है, जिसमें एक स्कूल शासकीय बालक हायर सेकेंडरी विद्यालय डौंडी लोहारा के नाम से संचालित है। उन्होंने बताया कि कांग्रेस शासन में बिना जानकारी व बिना अनुमति के उस स्कूल का नाम साजिश के तहत परिवर्तन करने का आदेश निकाल दिया गया है, जबकि डौंडीलोहारा में आज भी राज परिवार के सदस्य निवास करते हैं। युवराज लाल निवेन्द्र सिंह टेकाम ने कहा कि हाई स्कूल के नाम से जिसने भी साजिश कर नाम बदलने का प्रयास किया है, उसकी पूरी जानकारी लेते हुए उस पर कठोर कार्रवाई की माग की। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने श्री टेकाम की बात को गंभीरतापूर्वक सुना और इसकी पूरी जानकारी जिला प्रशासन से लेकर उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया। इस अवसर पर भाजपा जिला मंत्री आकाश महेश्वरी, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश सह-सोशल मीडिया प्रभारी हितेश कुमार, भाजपा युवा नेता निखिल शर्मा भी उपस्थित थे।



## जिला स्तरीय पेंशनर सम्मेलन में कई मुद्दों पर की गई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

जिला स्तरीय पेंशनर सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का अयोजन सदन में किया गया। कार्यक्रम का सुभारंभ माता सरस्वती की पूजा–अर्चना कर किया गया। सम्मेलन में अपनी मांगों को लेकर चर्चा की गई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रांताध्यक्ष छत्तीसगढ़ पेंशनर समाज रायपुर थे, अध्यक्षता संरक्षक छत्तीसगढ़ पेंशनर समाज रायपुर हरदेव लाल दिल्लिवार ने की। विशिष्ट अतिथिगण टामन सिंह, शांता प्रसाद, मोहन चतुर्वेदी, कोषाध्यक्ष मलखम राम, श्यामसुंदर अग्रवाल, नेमसिंह साहू, चंद्रशेखर तिवारी, चित्रनंद साहू, सेवाराम तेजस्वी, पोषण लाल शर्मा, जेएल ठाकुर, निहाल सिंह, पुनुराम गुरुपंच, सीआर. साहू, एआर सोनवानी, बी.आर. देवागन, सीताराम सोनखुटिया, एनएस. साहू, बी नेताम, सुभाष चौधरी, रामेश्वर ठाकुर, रश्मि केराम, जयतु राम खरे, डीआर. सोनबोइर, एसएस गौतम, टीआर. महमल्ला तथा पेंशनर समाज बालोद, डौंडी, देवरी, गुण्डरदेही, डौंडीलोहारा, अर्जुंदा से पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

## संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा स्पर्धा का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा





- 13 स्कूलों के 900 छात्र-छात्राओं ने लिया था भाग

संकुल केंद्र नया एवं पुराना बाजार की तीन दिवसीय बालक्रीड़ा प्रतियोगिता का समापन शनिवार को दल्ली राजहरा फुटबॉल स्टेडियम में हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में शीबू नायर नगर पालिका अध्यक्ष, सोनम भुआर्य अध्यक्ष महिला मंडल हल्बा समाज राजहरा, तिलक मानकर आदि उपस्थित थे।

बालक्रीड़ा में दोनों संकुलों की 13 शालाओं के 900 बच्चों ने भाग लिया। लगभग 75 शिक्षकों ने खेल में सहभागिता निभाई। सामुहिक एवं व्यक्तिगत खेलों में गुरुनानक स्कूल के बच्चों ने बाजी मारी। शीबू नायर द्वारा बच्चों को बताया गया कि शिक्षकों का स्थान माता-पिता तुल्य है। यदि शिक्षक कोई बात बोल दे तो बच्चों को नाराज नही होना चाहिए। गुरुजनों की आज्ञा का पालन करना चाहिए। गुरु भविष्य निर्माता होता है।

बच्चों द्वारा खो-खो,कबड्डी, रस्सा -खींच, रिले रेस, उंची कूद, लंबी -कूद, रस्सी कूद, गोला फेंक, गोली चम्मच, सुई धागा, योगाभ्यास, आलू दौड़, मेढ़क दौड़, त्रिटंगी दौड़, दौड़ आदि खेलों में सहभागिता निभाई गई। बालक्रीड़ा प्रतियोगिता सम्पन्न कराने में सर्व संस्था (शासकीय एवं अशासकीय ) के शिक्षकों शीला खांडेकर, सविता जंघेल, देवांगन मैडम, दीप्ति पांडेय, जयंत्री ठाकुर, ममता घराना, योगेंद्र नाथ देवांगन, सुश्री किरण श्रीवास्तव,मोना सहगल, रेणुका उइके, किरण राव,ज्योति सिंग, तृप्ति बाम्बेश्वर, नेहा गुप्ता, मनोज दास, विपिन करवाड़े, मां भवानी के शिक्षक, गांधी विद्या मंदिर के शिक्षक, भोजराज साहू, धनसिंग यादव, सदानंद भुआर्य, टेमेंद्र भुआर्य, तमेंद्र साहू, पुकेश्वर देशमुख, मुकेश कोर्राम, रितेश ऋषि, श्रीमती तरुण साहू, श्यामकुमार जाटवर, ताराचंद निषाद, निषाद सर, कोरेटी सर, रोहित सोनगेर संकुल समन्वयक पुराना बाजार एवं राजमल जैन संकुल समन्वयक नया बाजार आदि उपस्थित थे।

## क्रीड़ा स्पर्धा में प्रतिभागियों ने दिखाई प्रतिभा






**बालोद।** संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता संकुल केंद्र बालोद के तत्वावधान में सरदार पटेल मैदान बालोद में संपन्न हुआ। जिसमें 4 प्राथमिक शाला व 4 पूर्व माध्यमिक शाला अपनी खेल व्यायाम योगा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रतिभा का प्रदर्शन जोश खरोश के साथ दिखाए। इस प्रतियोगिता में स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय, पूर्व माध्यमिक शाला संकुल में प्रथम स्थान पर रहे। व्यक्तिगत खेल के साथ सभी सामूहिक खेल, व्यायाम सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रथम स्थान पर रखे। शाला के प्रचार्य अरुण साहू, पूर्व माद्यमिक शाला के प्रभारी प्रधानपाठक चेतन कुमार यादव,

घर बैठे लोन पायें
• LOW INTEREST RATE •
बिजनेस लोन पर्सनल लोन होम लोन कार लोन मॉर्गेज लोन
LOW PROCESSING FEE
ITR फाईल करने का अंतिम अवसर 31 दिसम्बर तक
लोन लेने के लिए आज ही ITR बनवायें
मात्र- 499/-
ITR GST
कारगिल चौक, सुन्दर नगर, रायपुर (छ.ग.), मो. 9343916614

**अपना नुकसान रोकने बंदरों की जान से खिलवाड़ कर रहे कई लोग**

# बंदर भगाने छर्रे वाले बंदूक का उपयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



जिले में गांव के साथ शहर में बंदरों का आतंक भले ही हो, लेकिन शहर से ज्यादा गांवों में बंदरों को भगाने के लिए खतरनाक हथियारों का सहारा लिया जा रहा है, जिससे जीव जंतुओं की मृत्यु तक हो सकती है।

जिले के शहरों में बंदर भले ही घरों में सुखाए सामान या दुकानों के सामान को चुपके से खाते दिखें, लेकिन गांवों में सब्जी भाजी लगाने वाले या कच्चे मकान वाले लोगों को बंदरों के द्वारा सब्जी के खेतों को नुकसान न पहुंचाएं इसलिए परिवार का कोई व्यक्ति सब्जी के खेत में मौजूद रहता ही है, ताकि बंदर आने पर उसे भगाया जा सके जिसके कारण सब्जी लगाने वाले परिवारजनों को काफी दिक्कतों का सामना भी करना पड़ता है। वहीं बंदरों का झुण्ड किसी एक व्यक्ति से खेत से भगाए नहीं भगता, बंदरों को भगाने के लिए लोगों को समूह बनाकर इकट्ठा होना पड़ता है तब दो तीन लोगों से बंदर को भगाया जाना संभव हो पाता है, वहीं पूर्व में बंदरों को भगाने के लिए पटाखे, डंडे, का उपयोग किया जाता था लेकिन वर्तमान में बंदर उनसे भी नहीं भागते। जिसके कारण आधुनिकता के समय में लोग भी आधुनिक होते जा रहे हैं और कई गांवों में देखने को मिल रहा है कि लोग छर्रे वाले बंदूकों का सहारा ले रहे हैं। इसमें सायकल में लगने वाले छर्रे के सामान गोली आती है जिससे बंदरों को निशाना बनाकर उन्हें मारा जाता है। इससे कई बार बंदरों के घायल होने की खबर भी सुनने को मिल रही है।

### बंदरों पर लगा रहे निशाना

सबसे बड़ी बात है कि बाजार में ये बंदक चोरी छुपे गुब्बारे पे निशाना लगाने के लिए बिक रहे हैं, लेकिन वर्तमान में लोग इन बंदूकों से गुब्बारों पर निशाना लगाने की जगह बंदरों पर निशाना लगा रहे हैं। इससे बंदर डर के कारण एक अकेले व्यक्ति से ही भाग जा रहे हैं। लेकिन कई लोग इस बंदूक का सहारा लेकर न सिर्फ बंदर बल्कि पशु पक्षियों के शिकार और मनोरंजन के लिए उपयोग में ला रहे हैं और यह गांवों में खुले आम देखने को मिल जाती है, लेकिन जिम्मेदार विभागों द्वारा इस ओर कोई कदम नहीं उठाया जा रहा है, जिससे जीव जंतुओं के जीवन पर खतरा मंडरा रहा है।

Health Town
यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30 pm., सायं 7.00 to 8.30 pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड,रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645

मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
9406004581
7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

खबर संक्षेप



## 30 को निकाली जाएगी भव्य कलश शोभायात्रा

**बालोद।** राम मंदिर में भव्य प्राण प्रतिष्ठा को लेकर महिला समन्वय संगठन मातृ शक्ति संघ परिवार की बैठक आयोजित की गई। 22 जनवरी को आयोध्या में होने वाले भव्य प्राण प्रतिष्ठा आयोजन के पूर्व महिला समन्वय संगठन मातृ शक्ति द्वारा बैठक आयोजित की गई। बैठक में आयोध्या राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के संबंध में चर्चा की गई। इस दौरान 30 दिसंबर को कलश शोभायात्रा एवं आयोध्या राम मंदिर अन्न दान करने के लिए महिलाओं को प्रेरित किया गया। जिला संयोजिका संगीता देवांगन, नगर संयोजिका भारती बाण्डे, जिला सह संयोजिका प्रतिमा यादव, रोहिणी साहू, पद्मनी साहू, बालोद शहर मे समिति बनाई गई व आयोजन पर चर्चा की गई एवं बालोद शहर में अधिक से अधिक अन्न दान एकत्र कर आयोध्या भेजने के लिए महिलाओं के बीच जाकर बैठक संपन्न करने की योजना बनाई गई। महिला सदस्यों ने 1 से 15 जनवरी तक चलने वाले कार्यक्रम का आमंत्रण देने व कार्यक्रम को मिलकर पूरे शहर मे चलाने की बात कही।

## 20 से श्रीमद्भागवत महापुराण का आयोजन

**बालोद।** ग्राम झलमला में स्व. रामचंद, रेवतीबाई व स्व. गोवर्धन पटेल, तुलसी बाई की स्मृती में संगीतमय श्रीमद्भागवत महापुराण यज्ञ सप्ताह का आयोजन 20 दिसंबर से प्रारंभ हो रहा है। जिसका समापन 28 दिसंबर को होगा। प्रवचनकर्ता संत बल्ला प्रसाद शर्मा व परायणकर्ता पंडित घनश्याम प्रसाद शर्मा होंगे। कथा प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक चलेगा। जिसमें 20 दिसंबर को कलश यात्रा एवं गौकर्ण पूजा होगी। 21 दिसंबर को भागवत कथा प्रारंभ व परीक्षित श्राप, 22 को शुकदेव चरित्र, 23 को जड़ भरत प्रसंग सुनाया जाएगा। 24 को कृष्ण जन्म उत्सव मनाया जाएगा। 25 को कृष्ण जी की बाल लीला व दही लूट, 26 को रूखमणी मंगल, 27 को भागवत सम्पती चढ़ौती व शोभायात्रा निकाली जाएगी। 28 दिसंबर को गीता प्रवचन, नौकन्या भोजन, कपिला तर्पण, हवन पूर्णाहूति होगी। जिसमें आयोजक ग्राम पटेल मनोहर पटेल व पूर्व महिला मोर्चा अध्यक्ष व पूर्व जनपद सदस्य शकुन पटेल है।



## 19 से मिलेंगे ओपन स्कूल परीक्षा के आवेदन

**डौंडीलोहारा।** छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल द्वारा संचालित हाई स्कूल, हायर सेकेंडरी मुख्य, अवसर, क्रेडिट, आरटीडी परीक्षा फार्म का वितरण किया जा रहा है। परीक्षा प्रभारी व्याख्याता ए. सहारे ने बताया कि इच्छुक परीक्षार्थी 19 दिसंबर से प्रातः 11 से 4 बजे तक शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डौंडी लोहारा में आकर आवेदन फार्म प्राप्त कर सकते हैं।

योजना

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत ग्राम सांकरा ज में हुआ जिला स्तरीय कार्यक्रम

# सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने रवाना हुआ प्रचार रथ









हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को जन–जन तक पहुँचाने एवं इनसे लाभ लेने वाले हितग्राहियों से संवाद करने के उद्देश्य से शुरू की जा रही 'विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ प्रदेश में किया। इस दौरान उन्होंने देशभर में यात्रा के अंतर्गत आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में वर्चुअल माध्यम से जुड़कर हितग्राहियों से चर्चा भी की। वहीं, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राजधानी रायपुर में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा के समारोह में शामिल होकर प्रदेश की जनता को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने केन्द्र एवं राज्य सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में भी विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

इधर, बालोद विकासखण्ड के ग्राम सांकरा ज में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर थे। सांसद मोहन मण्डावी, पूर्व विधायक प्रीतम साहू एवं विरेन्द्र साहू, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष देवलाल ठाकुर, पूर्व नगर पालिका बालोद अध्यक्ष राकेश यादव सहित कृष्णकांत पवार, पवन साहू, देवेन्द्र जायसवाल, सरपंच वारिणी देशमुख एवं अन्य जनप्रतिनिधियों के अलावा कलेक्टर कुलदीप शर्मा, पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र कुमार यादव उपस्थित थे। कार्यक्रम में अतिथियों ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान जिले के विभिन्न स्थानों में भ्रमण करने वाले प्रचार रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान अतिथियों ने शासन की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत लाभार्थियों को विभिन्न सामग्रियों का वितरण भी किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ललित चन्द्राकर ने उपस्थित लोगों को विकसित भारत संकल्प यात्रा के उद्देश्यों के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आज हमारा देश विश्वगुरू बनने की ओर अग्रसर है। आज पूरे देश में मोदी विकास एवं विश्वास का पर्याय बन गए है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ मे विष्णु देव साय के नेतृत्व में नवगठित सरकार में राज्य के विकास के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेगी।

### देशवासियों की समस्या का होगा निराकरण : मंडावी

सांसद मोहन मण्डावी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में देशवासियों की प्रत्येक समस्या का निराकरण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि संवेदनशील प्रधानमंत्री ने देश के गरीब लोगों के सुरक्षित आवास की चिंता करते हुए सभी गरीब लोगों को पक्का आवास प्रदान करने का निर्णय लिया है। इसके पूर्व प्रचार रथ के ग्राम सांकरा में आगमन होने पर स्वागत दल की महिलाओं ने प्रचार रथ की आरती उतारकर स्वागत अभिनंदन किया।

### हितग्राहियों को सामग्री का किया गया वितरण

कार्यक्रम में प्रधानमंत्री उज्जवल योजना के अंतर्गत 17 हितग्राहियों को रसोई गैस कनेक्शन, आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 05 नया कार्ड बनाने के अलावा कुल 141 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड वितरण किया गया। इसके अलावा प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के अंतर्गत 02 हितग्राही को 40–40 हजार तथा 01 हितग्राही को 15 हजार का चेक प्रदान किया गया। इसी तरह 01 किसान को किसान क्रेडिट कार्ड प्रदान करने के अलावा 10 किसानों को कुल 04 लाख 62 हजार रूपए को रबी ऋण प्रदान किया गया। कार्यक्रम में अतिथियों के द्वारा स्वस्थ शिशु योजना के अंतर्गत प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्रदान करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर चिकित्सा विभाग की टीम के द्वारा ग्रामीणों को स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाइयां वितरित की गईं। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा आम जनता को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करने स्टॉल भी लगाया गया था। इस अवसर पर प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लाभार्थी योगेन्द्र सिंह देशमुख ने अपने अनुभव भी साझा किया।

# एनएसएस के विशेष शिविर में 250 ग्रामीणों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

माता कर्मा महाविद्यालय एवं स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय कचांदूर के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित 7 दिवसीय विशेष शिविर नाहदा का तृतीय दिवस की शुरुआत प्रभातफेरी से हुई।

तत्पश्चात योग, परियोजना कार्य, स्वास्थ्य शिविर का आयोजन रमेशचन्द्र फाउंडेशन के तत्वाधान में डॉ. मानसी गुलाटी स्त्री रोग विशेषज्ञ, डॉ. दीपिका मोदी डेंटिस्ट, डॉ. ज्ञानेश साहू विशेषज्ञ, डॉ. प्रज्ञा नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं बौद्धिक परिचर्चा सत्र में डॉ. मानसी गुलाटी, नशा मुक्त समाज के लिए युवा डॉ. दीपिका मोदी योग से नशा से दूर कैसे रहा जाए इन विषयों द्वारा बच्चों को मार्गदर्शन दिया। रात्रिकालीन कार्यक्रम में महेंद्र सोनकर सरपंच, कुलदीप साहू सरपंच, टिकेश्वर साहू सरपंच, काशी सोनकर, विभा साहू एवं समस्त ग्रामवासी, जिला संगठक डॉ. लीना साहू, कार्यक्रम अधिकारी रोशनी साहू, डिगेन्द साहू कार्यक्रम अधिकारी देवेंद्र साहू, कुमकुम छाया, कुनाल, रुद्र कुमार भारती, जगत चन्द्र कर, कौशल गजेंद्र, तोषीका, युगलकिशोर, लोकेश, नीतीश, राजा, आर्यन, आशु उपस्थित रहे। इस दौरान करीब 250 ग्रामीणों ने स्वास्थ्य शिविर का लाभ लिया।





# तीन दिवसीय संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा स्पर्धा संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

ग्राम सम्बलपुर में तीन दिवसीय संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन संकुल केंद्र अछोली और सम्बलपुर के संयुक्त तत्वावधान किया गया। कार्यक्रम के संरक्षक तारम प्राचार्य अछोली और दौलत राम भंडारी प्राचार्य सम्बलपुर थे। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि होरीलाल रावटे (जि. पं. सदस्य), अध्यक्षता माधव गिरी गोस्वामी जनपद सदस्य थे। विशेष अतिथि उमा बाई ठाकुर सरपंच सम्बलपुर, तोमन सिंह लाटिया उपसरपंच, वीरेंद्र निरोटी, नौसाद गंगबेर सेवानिवृत्त शिक्षक, देवलाल पटेल, बहुर उर्वशा, जगदीश कोठारी आदि गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां शारदे के तैल चित्र की पूजा-अर्चना व राष्ट्रगान के साथ हुआ। होरीलाल ने कहा कि कोरोना के संक्रमण काल के कारण बीते कुछ वर्षों से शिक्षा विभाग में बच्चों के सुरक्षा के कारणों की वजह से बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता आयोजन नही हो पाया था। अध्ययन के साथ-साथ शारीरिक विकास एवं स्वस्थ रहने के लिए खेल जरूरी है। माधव गिरी ने कहा बच्चों के मानसिक विकास के साथ साथ सर्वागीण विकास के लिए खेल खेलना आवश्यक है। आयोजन सम्पन्न कराने में अछोली के संकुल समन्वयक लिलेश्वर कुर्रे, मो.निसार खान, परमानंद साहू, श्री साहू व नेताम का योगदान रहा। व्यवस्था शिक्षक कुमान दास जोशी, वीणा ठाकुर ,हेमेंद्र साहू, अनिल दिल्लीवार ने किया। समापन समारोह में उमा बाई ठाकुर सरपंच सम्बलपुर, अध्यक्षता दुष्यंत गिरी पूर्व ज.प. उपाध्यक्ष ने की। दौलत राम भंडारी प्राचार्य सम्बलपुर, रेखा जोशी, बहुर सिंह उर्वशा, गंगा राम निषाद शाला प्रबंध समिति अध्यक्ष प्रा.शा.सम्बलपुर, वीरेंद्र निरोटी उपस्थित थे। अतिथियों ने कहा कि हार और जीत जीवन के दो पहलू है। इस चुनौती लेकर पुनः सफलता के लिए अथक प्रयास करना चाहिए। इस दौरान प्रधानपाठक कुमान दासजोशी, रामटेके, प्रधान पाठक वीणा ठाकुर, दुलारी खरे, डिलेश्वरी साहू, रेखा देवांगन, आनंद राम साहू, अमित सिन्हा, विजय यदु, सोनी, परमानंद साहू आदि का योगदान रहा। निर्णायक एवं खेल संचालन करने में राजेंद्र देशमुख, शांताराम अटल, अमित सिन्हा, महेश कोलियरे, श्रीमती बंसती पीकेश्वर, केकती मैडम, राणा मैडम, सुनीता साहू एवं संकुल अछोली और संबलपुर के समस्त शिक्षक और शिक्षिका एवं पीटीआई माखन लाल मारगेन्द्र का योगदान रहा।



# भाजपा ग्रामीण मंडल बालोद ने चलाया स्वच्छता अभियान



**बालोद।** भाजपा ग्रामीण मंडल बालोद के नेतृत्व में बालोद जिले के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल गंगा मैया मंदिर प्रांगण में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिला अध्यक्ष कृष्णकांत पवार, प्रदेश अध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा पवन साहू, जिला भाजपा उपाध्यक्ष राकेश यादव एवं मंडल अध्यक्ष प्रेम साहू के साथ कार्यकर्ताओं ने गंगा मैया मंदिर प्रांगण में स्वच्छता अभियान चलाया। जिला अध्यक्ष कृष्णकान्त पवार एवं प्रदेश महामंत्री पवन साहू ने बताया कि प्रधानमंत्री श्री मोदी का सपना है कि देश की हर गली हर चौराहा प्रमुख स्थल हमेशा स्वच्छ रहे।

इस अभियान में जनपद अध्यक्ष प्रेमलता साहू, भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के अध्यक्ष जितेंद्र साहू, स्वच्छता अभियान के जिला संयोजक दुर्गानंद साहू, पालक ठाकुर,युवा मोर्चा के अध्यक्ष पार्थ साहू, सुरेश गोयल के साथ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अंचल के गांवों में पहुंचीं अनिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौन्डीलोहारा

■ लगातार तीसरी बार विधायक चुनने के लिए जताया

नवनिर्वाचित विधायक एवं पूर्व मंत्री अनिला भेडिया ने वनांचल के ग्राम गोटीटोला, पीपरखार मरईटोला, खड़बत्तर, कोड़ेकसा, झीकाटोला, लोहारटोला, जुंगेरा, चिखली 1, चिखली 2, केरी, रुपूटोला, बड़े जुंगेरा, माटरी सहित आदि ग्रामों का दौरा कर ग्रामीणों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने लगातार तीसरी बार जिताकर क्षेत्र का विधायक चुने जाने पर उनका आभार व्यक्त किया। श्रीमती भेड़यि ने कहा कि आप लोगों के बीच चुनाव के पहले निवेदन करने आई थी, आप लोगों ने मुझे छप्पर फाड़ के आशीर्वाद दिया। इसके लिये आप लोगों का मैं ऋणी रहूंगी। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों के साथ ही कांग्रेस बूथ प्रभारी, ज़ोन प्रभारी व कार्यकर्ता से चर्चा कर समस्याओं को सुना। इस दौरान ग्रामीणों ने स्कूल आहाता निर्माण, पुल-पुलिया निर्माण, बोर खनन, तालाब सौंदर्यीकरण, कलामंच निर्माण व अन्य निर्माण कार्यो की मांग की। इस पर उन्होंने प्राथमिकता के आधार पर कार्य पूर्ण करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में भोला देशमुख मंडी अध्यक्ष बालोद, प्रकाश शर्मा, गोविन्द चंद्राकर, जोन प्रभारी दिलीप बघेल, विकास भेडिया, जागेश्वर दर्रो, भावशीह ओट्टी, मनीराम कुंजाम, मोहन निषाद, भुनेश्वर साहू, सियाराम भंडारी, राकेश भुआर्य, ओम प्रकाश कोरेटी, मधु, विमल यादव, नलिनी टेकाम, डेनीयल टेकाम, आशा टेकाम सहित ग्रामवासी थे।



# संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा स्पर्धा में दुपचेरा स्कूल रहा प्रथम

**गुरूर।** संकुल केंद्र ठेकवाडीह के अंतर्गत दो दिवसीय संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगता का आयोजन ग्राम ठेकवाडीह में किया गया।

प्रतियोगिता में संकुल के अंतर्गत प्राथमिक शाला दुपचेरा, प्राथमिक शाला ठेकवाडीह, प्राथमिक शाला मुजगहन, प्राथमिक शाला बोहारडीह, माध्यमिक शाला ठेकवाडीह एवं माध्यमिक शाला दुपचेरा से 280 छात्रों सहित 28 शिक्षकों ने सहभागिता प्रदान किया। खेल प्रतियोगिता में माध्यमिक एवं प्राथमिक शाला दुपचेरा प्रथम स्थान पर रही। मध्यांतर के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम का प्रतियोगिता आयोजन किया गया, जिसमें समूह नृत्य में प्राथमिक शाला बोहारडीह एवं माध्यमिक शाला दुपचेरा प्रथम स्थान पर रही। क्रीड़ा आयोजन समिति एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान किया गया। आयोजन की सफलता में क्रीड़ा आयोजन समिति, ग्राम विकास समिति, शिक्षा समिति एवं संकुल के समस्त शिक्षकों का योगदान रहा।



## भर्रीटोला में हुआ दो दिवसीय खेल स्पर्धा

# छात्र जीवन में खेलों का विशेष महत्व : डॉ. देवेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

डौन्डी ब्लॉक के ग्राम भर्रीटोला 43 में दो दिवसीय संकुल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन हुआ। इस दौरान अखिल भारतीय हल्बा-हल्बी आदिवासी समाज छत्तीसगढ़ केंद्रीय महासभा के अध्यक्ष एवं भाजपा अजजा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. देवेंद्र माहला के मुख्य आतिथ्य व घनश्याम गुनेंद्र सरपंच ग्राम पंचायत भर्रीटोला 43 की अध्यक्षता व संजय बैस जनपद सदस्य, तुलेशराम सहित ग्रामीणों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।



डॉ. देवेंद्र माहला ने कहा कि जीवन में खेल एवं शारीरिक कार्य का काफी महत्व होता है और जब हम छात्र जीवन में होते हैं तब तो खेल का महत्व और भी बढ़ जाता है। प्राथमिक शिक्षा के दौरान छात्र कच्ची मिट्टी के समान होते हैं। उन्हें जैसी शिक्षा मिलती है जीवन भर वे उस रंग में ढल जाते हैं। इसलिए प्राथमिक शिक्षा के दौरान ही छात्रों को शिक्षा के साथ-साथ खेल से जोड़ा जाए तो उनमें शारीरिक एवं मानसिक दोनों ही प्रकार निपूर्णता आती है।

खेल को हम केवल मनोरंजन की दृष्टि से देखते हैं लेकिन सही मायने में यह मनोरंजन के साथ साथ तंदुरस्ती का महामंत्र है। आज हमारे देश के खिलाड़ी कड़ी मेहनत और अभ्यास कर विदेशों में अपनी पहचान बना रहे हैं और पहचान के साथ-साथ मेडल, पदक, उपाधि और उपलब्धि प्राप्त कर रहे हैं। अतिथियों के उद्बोधन के बाद विविध श्रेणियों के आधार पर विजयी खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण किया गया एवं आगामी जीवन में प्रगति के लिए शुभकामनाएं दी गई।






तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
बेमेतरा भूमि
रायपुर, सोमवार 18 दिसंबर 2023
[ बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट ]

11 देश की प्रगति व जरुरतमंदों की उन्नति का अभियान ...



12 विकसित भारत संकल्प यात्रा ग्राम भेड़नी में हुआ ...



## खबर संक्षेप

### सबको विकास के पथ पर साथ लेकर चलने का संकल्प : सिन्हा

**बेमेतरा।** 16 दिसंबर से प्रारंभ होकर 25 जनवरी तक चलने वाले विकसित भारत संकल्प यात्रा के दुर्ग संभाग सह प्रभारी क्षेत्र के



भाजपा नेता एवं पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश मंत्री होरीलाल सिन्हा को बनाया गया है। श्री सिन्हा के सह प्रभारी की जिमेदारी दिए जाने पर अंचल के भाजपा कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया। श्री सिन्हा ने बताया कि भाजपा का विकसित भारत का संकल्प यात्रा सबको विकास के पथ पर साथ लेकर चलने का संकल्प है। विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य उन लोगों तक सरकारी योजनाओं और लाभों को पहुंचाना है जो पीछे रह गए हैं। यह विकसित भारत संकल्प यात्रा सभी ग्राम पंचायत व नगर निकायों में भ्रमण करेगी और योजनाओं के प्रति जागरूकता व जन भागीदारी के उद्देश्य से केंद्र सरकार द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरुआत होगी। अनेक स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। यह यात्रा शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों से गुजरेगी और केंद्रीय योजनाओं से वंचित हितग्राहियों को लाभान्वित करवाएगी। छत्तीसगढ़ में कृषि और ग्रामीण विकास विभाग की यात्रा में अहम भूमिका रहेगी।

### खुटेरी में निःशुल्क गैस कनेक्शन वितरित

**गुण्डरदेही।** खुटेरी (रंग) के सरपंच व भाजपा मंडल कोषाध्यक्ष नविता साहू ने प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत 20 हितग्राहियों को निःशुल्क गैस कनेक्शन वितरित किए। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों को केन्द्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी। साथ ही शासन की योजनाओं का लाभ लेने को कहा।

### घुमका में विकसित भारत संकल्प यात्रा आज

**बालोद।** जिले में 18 दिसम्बर को बालोद विकासखण्ड के ग्राम जगन्नाथपुर और घुमका में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जाएगा। इसके अंतर्गत बालोद विकासखण्ड के जगन्नाथपुर में 10 बजे से एवं घुमका में दोपहर 02.30 बजे से विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देशानुसार कार्यक्रम का सफल बनाने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

### किसान की आत्महत्या के लिए भाजपा जिम्मेदार : कांग्रेस

**बालोद।** नारायणपुर के कुकड़ाझोर गांव के एक किसान द्वारा आत्महत्या के विरोध में बालोद युवा कांग्रेस ने शोक सभा का आयोजन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने इसके लिए भाजपा सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए जमकर कोसा। जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष प्रशांत बोकड़े, शहर अध्यक्ष साजन पटेल, युवा कांग्रेस से पूर्व शहर अध्यक्ष बंटी शर्मा, विधान सभा उपाध्यक्ष दीपक सानू पाल, आदित्य दुबे, मोहनिश पारकर, अंचल साहू, अविनाश यादव, गजेंद्र ढीमर, अल्पिया खान, वैभव शर्मा, फरहान खान, फैज बक्श, आयुष, समस्त युवा कांग्रेस के साथी शामिल थे।

## कार्यक्रम : समाधान महाविद्यालय में दो दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन

# अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में चार देशों के शिक्षाविदों ने बताया रिसर्च का महत्व

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

समाधान महाविद्यालय में दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन मानवीय चेतना आधारित सतत विकास के लिए बहुविषयक शिक्षा एवं नवाचार विषय पर आयोजित हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन से हुई। इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के मुख्य अतिथि हेमचंद यादव विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ. अरुणा पल्टा रही। उन्होंने महाविद्यालय को नैक मूल्यांकन में ए ग्रेड प्राप्ति व अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के आयोजन की बधाई देते हुए कहा कि महाविद्यालय के प्राध्यापकों व विद्यार्थियों में अच्छे सहभागिता का गुण देखने को मिला। आज का समय मल्टीटास्किंग हैं, एक ही कार्य से हम अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति नहीं कर सकते हैं तथा शिक्षा को गुणवत्तापूर्ण बनाने में हम सभी को अपनी भागीदारी करनी चाहिए। इस अवसर पर रिसर्च जर्नल में एब्स्ट्रेक्ट प्रोसिडिंग को अतिथियों के द्वारा विमोचन किया गया। जिसमें 115 शोध सारांश लिखे गए है व मध्यस्थ दर्शन आधारित आभास प्रदर्शनी का उद्घाटन किया गया। संचालक डॉ. अलका तिवारी ने सभी अतिथियों, प्राध्यापकों व छात्र-छात्राओं का स्वागत करते हुए सम्मेलन के महत्व को बताया। महाविद्यालय के डायरेक्टर डॉ. अवधेश पटेल ने महाविद्यालय की स्थापना व उद्देश्य पर प्रकाश डाला तथा महाविद्यालय में जीवन विद्या व मूल्य शिक्षा के आंशिक प्रयोग की जानकारी दी एवं अगले 5 वर्ष में शोधकार्य को आगे बढ़ाने के लिए भरपूर प्रयास करने का भरोसा दिलाया।

■ 55 शिक्षाविदों एवं शोधार्थियों ने प्रस्तुत किया शोधपत्र





### अतिथियों ने रखे अपने विचार

आईआईटी दिल्ली के विषय विशेषज्ञ अजय जैन ने कहा कि मानव सभी प्रश्नों के समाधानिक उत्तर प्राप्त कर अपने जीवन को आनंदमय बना सकता हैं। शिक्षाविद् सोमदेव त्यागी ने बताया कि मानव का अध्ययन भी शिक्षा का ही एक भाग हैं। दिव्य पथ संस्थान के अध्यक्ष डॉ. साधन भट्टाचार्य ने कहा अभी तक मानव का अध्ययन किसी शिक्षा में नहीं है क्योंकि मानव को समझने में यात्रा शेष है। सृष्टि की सच्चाई को जीवन विद्या और मूल्य शिक्षा द्वारा तर्क विधि से समझा जा सकता हैं। इसके पश्चात गांधी विद्या मंदिर के अध्यक्ष हिमांशु दुग्गड़ ने कहा कि मध्यस्थ दर्शन के अनुसार जो वस्तु अस्तित्व में है उसे ही समझाया जा सकता हैं।

### रिसर्च स्कॉलर को दिया प्रमाण पत्र

अंत में समस्त रिसर्च स्कॉलर व सहायक प्राध्यापक को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। समाधान महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापकों को नेक में उत्कृष्ट कार्य करने के उपलक्ष्य में प्रमाण पत्र प्रदान करवाया गया। पैनल एक्सपर्ट के रूप में एम.जे.कॉलेज भिलाई के प्राचार्य डॉ. अनिल चौबे, कलिंगा विश्वविद्यालय की डीन डॉ. आशा अभ्यकर, अछोटी से डॉ. संकेत ठाकुर तथा विदिशा से प्रोफेसर सतीश सक्सेना जी रहे। महाविद्यालय के डायरेक्टर अविनाश तिवारी ने धन्यवाद प्रेषित करते हुए कहा कि शिक्षा में मानवीयकरण करने की दिशा में यह हमारा एक आवश्यक कदम हैं। इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में साउथ ▸▸| शेष पेज 11 पर

### चार देशों के शिक्षाविदों ने रखे विचार

दो दिनों के सम्मेलन में विभिन्न महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालय के लगभग 55 सहायक प्राध्यापक, रिसर्च स्कॉलर, महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक एवं विद्यार्थियों ने अपने रिसर्च पेपर प्रस्तुत किये। इस कार्यक्रम में कुल 4 देशों के शिक्षाविदों ने संबोधित किया और रिसर्च की आवश्यकता और महत्व पर प्रकाश डाले। सम्मेलन के दूसरे दिन मुख्य अतिथि रविशंकर विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ. एस के पांडेय रहे उन्होंने खगोलशास्त्र की महत्ता को स्पष्ट करते हुए कहा कि इसका ज्ञान जनमानस तक पहुंचाना अनिवार्य हैं। क्योंकि हम सभी का अस्तित्व अनंत ब्रह्मांड से है। हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग के कुलसचिव भूपेंद्र कुलदीप ने अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित करने की बधाई देते हुए अपने वक्तव्य में कहा कि मध्यस्थ दर्शन पर आधारित मूल्य शिक्षा के वजह से यहां के विद्यार्थियों व सहायक प्राध्यापकों में कार्य के प्रति सहभागिता प्रदर्शित होता है। पैनल एक्सपर्ट के रूप मे एन.आई.टी रायपुर से डॉ. हिना चावड़ा, अभ्युदय संस्थान अछोटी के शिक्षाविद् डॉ. संकेत ठाकुर एवं डॉ. मीनाक्षी राठौर सम्मिलित हुए। इन्होंने वक्तव्य में कहा कि सभी प्रतिभागियों के रिसर्च पेपर सकारात्मक का प्रदर्शन कर रहे हैं। निश्चय ही यह आयोजन समस्त शिक्षा जगत के लिए मील का पत्थर साबित होगा। इस अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में शोधार्थियों व सहायक प्राध्यापको ने वसुधैव कुटुंबकम्, जलवायु परिवर्तन, ग्लोबल वार्मिंग, नई शिक्षा नीति 2020 व सस्टेनेबल डेवलपमेंट आदि उपयोगी विषयों पर अपने रिसर्च पेपर प्रस्तुत किये जो काफी ज्ञानवर्धक रहे।

# गुरु घासीदास जयंती पर डीएवी स्कूल में हुए विविध कार्यक्रम



**बेमेतरा/दाढ़ी।** डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल जांता में प्रतिवर्ष के भाति इस वर्ष भी हर्षोल्लास के साथ गुरु घासीदास की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत गुरु घासीदास जी की प्रतिमा पर पुष्पगुच्छ व दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान गुरु घासीदासजी के जीवन पर आधारित अनेकों कार्यक्रम एवं गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के बच्चों ने विभिन्न संस्कृतिक कार्यक्रम के रूप में पंथी नृत्य, पंथी गीत, ड्राइंग, भाषण एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता की प्रस्तुति दी। पंथी नृत्य का शानदार प्रदर्शन करते हुए बच्चों ने मीनार बना कर सबका मन को मोह लिया। पंथी नृत्य में पूरा शाला परिवार आनंद उत्सव में मग्न रहा। सभी आयोजनों में बच्चों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। प्राचार्य पीएल जायसवाल ने गुरु घासीदास जी के जीवन चरित्र को बताते हुए कहा कि गुरु घासीदास जी ने मनखे-मनखे एक समान के संदेश से समाज को जागृत किया था। समाज में छूआछूत, ऊंचनीच, झूठ-कपट को खत्म किया था। बाबा ने ऐसे समय में समाज को एकता, भाईचारे तथा समरसता का संदेश दिया। घासीदास की सत्य के प्रति अटूट आस्था की वजह से ही इन्होंने बचपन में कई चमत्कार दिखाए, जिसका लोगों पर काफी प्रभाव पड़ा। बाबा गुरु घासीदास की जयंती से हमें पूजा करने की प्रेरणा मिलती है और पूजा से सद्विचार तथा एकाग्रता बढ़ती है। इससे समाज में सद्कार्य करने की प्रेरणा मिलती है।

### छाता पहाड़ में किया तप

वे सत्य की तलाश के लिए गिरौदपुरी के जंगल में छाता पहाड़ पर समाधि लगाए, इस बीच गुरूघासीदास जी ने गिरौदपुरी में अपना आश्रम बनाया तथा सोनाखान के जंगलों में सत्य और ज्ञान की खोज के लिए लम्बी तपस्या भी की।बाबा ने तपस्या से अर्जित शक्ति के द्वारा कई चमत्कारिक कार्य कर दिखाए। बाबा गुरु घासीदास ने समाज के लोगों को प्रेम और मानवता का संदेश दिया है। हम सभी को बाबा के बताए हुए सत्य और मानवतावाद के सिद्धांत मानव-मानव एक समान का पालन कर उनके बताए हुए मार्ग पर अमल करना चाहिए। इस अवसर पर संस्था के शिक्षक, पुरुषोत्तम कुमार, अमित कुमार,गोविंद साहू,अनिल कुमार, आयुषी जैन,कैलाश सिंह, राजा तनतुवे,छोटू राम साहू, मनीषा सोनी, रेणुका पटेल, रितिका साहू, सरिता साहू, दीपिका वर्मा, सुखदेव साहू, विजय चंद्राकर, गीता साहू, नरेश साहू सहित छात्र उपस्थित रहे।

# नेशनल लोक अदालत में 2 करोड़ 20 लाख 76 हजार 795 रुपये का अवार्ड पारित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) नई दिल्ली के निर्देशानुसार वर्ष 2023 में आयोजित वर्ष के अंतिम नेशनल लोक अदालत में मुख्य संरक्षक छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं कार्यपालक अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के मार्गदर्शन में छ.ग. राज्य में तालुका स्तर से लेकर उच्च न्यायालय स्तर तक सभी न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाकर राजीनामा योग्य प्रकरणों में पक्षकारों की आपसी सहमति व सुलह-समझौता से निराकृत किये गये है। उक्त लोक अदालत में प्रकरणों के पक्षकारों की भौतिक तथा वर्चुअल दोनों ही माध्यमो से उनकी उपस्थिति में प्रकरण निराकृत किये जाने के अतिरिक्त स्पेशल सिटिंग के माध्यम से भी पेटी ऑफिस के प्रकरणों को निराकृत किये गये है।

■ कलेक्टर के मार्गदर्शन में 2003 राजस्व प्रकरण हुए निराकृत



### सैकड़ों प्रकरणों का हुआ निराकरण

जिला एवं सत्र न्यायाधीश बृजेन्द्र कुमार शास्त्री द्वारा मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के कुल 06 मामले निपटाये गये जिसमें कुल 26,80,000/- क्लेम राशि पीड़ित पक्षकार को प्रदान करने का अवार्ड पारित किया गया तथा निष्पादन 10 प्रकरणों में 31,56,883/- रूपये का आवार्ड पारित किया गया। नीलिमा सिंह बघेल, प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय बेमेतरा द्वारा कुल 27 पारिवारिक प्रकरणों का निराकरण किया गया। इसी प्रकार प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश पंकज सिन्हा द्वारा मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के कुल 09 मामले निपटाये गये जिसमें 35,70,000/- क्लेम राशि पीड़ित पक्षकार को प्रदान करने का अवार्ड पारित किया गया एवं निष्पादन के 21 प्रकरण में कुल राशि 38,66,000/- रूपये का आवार्ड पारित किया गया। श्रीमती मधु तिवारी अपर सत्र न्यायाधीश पाक्सो, न्यायालय बेमेतरा द्वारा प्री-लिटिगेशन संबंधी 133 मामलों में कुल 52,11,743/- रूपये राशि का अवार्ड पारित किया गया।

मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के खंडपीठ द्वारा कुल 418 मामलों में कुल 7,91,400/- रूपये राशि का अवार्ड पारित किया गया। द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-1 तनुश्री गवेल द्वारा कुल 52 मामलों में 18,24,000/- राशि का आवार्ड पारित किया गया। अध्यक्ष किशोर न्याय बोर्ड बेमेतरा के खंडपीठ द्वारा कुल 06 मामले निराकृत किये गये। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी बेमेतरा अनिता रावटे द्वारा कुल 100 मामलों में 3,93,200/- रूपये का आवार्ड पारित किया गया। निराकृत किये गये।

तालुका विधिक सेवा समिति साजा के अध्यक्ष / न्यायिक मजिस्ट्रेट साजा अंकिता मुदलियार द्वारा कुल 303 मामलों में राशि 5,83,569/- रूपये आवार्ड पारित किया गया। पूर्व के नेशनल लोक अदालत के भांति इस बार भी कलेक्टर पदुम सिंह एल्मा के मार्गदर्शन में कुल 2003 राजस्व प्रकरण निराकृत किया गया। साथ ही नेशनल लोक अदालत में उपस्थित पक्षकारों के लिये निःशुल्क स्वास्थ्य एवं नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया।





## पाठक सूचना

बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411

# ठंड बढ़ते ही जलने लगे अलाव

**बालोद।** बीते एक सप्ताह से आसमान साफ होने से मौसम में ठंडकता बढ़ गई है। लोग अलाव का सहारा ले रहे हैं। हालांकि दिन में धूप के साथ तापमान में आंशिक रूप से बढ़ोतरी हुई है, लेकिन ठंड बने रहने से दिन में भी गर्म कपड़ों का सहारा लेना पड़ रहा है। रात का पारा सामान्य से काफी कम रहता है, जिसके कारण लोग सुबह और शाम को अलाव का सहारा लेने लगे हैं। वहीं शाम होते ही लोग सफर करने से बचते नजर आ रहे हैं, केवल चारपहिया वाहन और मालवाहक वाहन ही सड़कों में शाम होने के बाद दिखाई दे रहे हैं। जबकि मोटरसाइकिल में सफर करने वाले लोग शाम होते ही सफर करने से परहेज कर रहे हैं। ठंड बढ़ने से गर्म कपड़े की खूब बिक्री हो रही है। स्थाई कपड़ा दुकानों के साथ अस्थाई रूप से कई कपड़ा दुकान शहर में लगे हैं। जहां अन्य प्रदेशों से विभिन्न वेराइटी के गर्म कपड़े की बिक्री हो रही है। जहां लोग खरीदी करने भी पहुंच रहे हैं।

# धान की बढ़ी आवक, जिले के 34 उपार्जन केन्द्रों में धान रखने की जगह नहीं

**लिमिट का केन्द्रों में अड़ंगा, उठाव नहीं होने का दोहरा मार, अब तक जिले में सिर्फ सत्रह फीसदी धान की खरीदी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

जिला प्रशासन द्वारा भले ही कस्टम मिलिंग के लिए 151 राईस मिलरों का पंजीयन कर लिया गया है। लेकिन उठाव की प्रक्रिया शुरूआती दौर में कमजोर होने के कारण जिले के 34 केन्द्रों में धान रखने की जगह नही बची है। जिसके चलते आगामी दिनों बारिश के कारण एक बार धान को नुकसान होने की आशंका बनी हुई है। जानकारी अनुसार जिले के मिलरों को धान उठाने दस लाख क्विंटल का डीओ जारी कर दिया गया है। लेकिन उठाव की गति धीमी होने के चलते अब तक सिर्फ 6 लाख क्विंटल धान ही उठाव किया गया है। ऐसे में कई सोसायटी में बफर लिमिट पार कर गई हैं। धान उठाव नहीं होने से खरीदी का आंकड़ा गड़बड़ा गया है। जिस सोसायटी में धान जाम हैं, वहां धान की खरीदी लिमिट रायपुर से कम कर दी जा रही है। जिसके चलते इस नई व्यवस्था से प्रबंधक भी सक्ते में आ गए है। रायपुर से लिमिट तय होने के चलते ही इस बार सिर्फ सत्रह फीसदी टारगेट के मुकाबले धान खरीदी हुई है। जबकि किसानों के पास मुश्किल से चौतीस से पैतीस दिन ही शेष है।

### जाम वाले सोसायटी का लिमिट कम

प्रबंधकों ने बताया कि जिस सोसायटी में धान जाम है, वहां की खरीदी लिमिट कम कर दी जा रही है। ताकि धान का अधिक आवक होने से नुकसान उठाना नही पडे। लेकिन इससे आवक कमजोर होगा, वही टोकन के लिए किसानों को लंबा इंतजार करना पड रहा है। उठाव की गति बढ़ाने के बजाय इस बार लिमिट की अडंगा ने किसानों को भी प्रभावित कर दिया है। एकतरफ जहां धान की आवक कम होने के बाद भी उठाव धीमा है, वहीं खरीदी में लिमिट तय करने से आवक प्रभावित हो रही है।



### खरीदी लिमिट हटाने की उठ रही मांग

पहली बार धान की खरीदी में रायपुर से लिमिट तय किया जा रहा है। जबकि सोसायटियों में की जमीनी स्तर से स्टेट में बैठे अधिकारी अनजान है। सोसायटी में जाम के हालात होने के बाद भी डीओ जारी नही कर रहे हैं, वही लिमिट तय कर देने से खरीदी का ग्राफ भी नहीं बढ़ रहा है। प्रगतिशील किसान संगठन के अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता का कहना हैं कि लिमिट हटाने की मांग राज्य शासन से की जाएगी।

### उठाव जारी

जिले में धान खरीदी के बाद तेजी से उठाव किया जा रहा है। अब तक छः लाख क्विंटल से अधिक उठाव हो चुका है। इसमें चार हजार क्विंटल चावल भी जमा हो चुका है।

-सीपी दीपांकर, खाद्य निरिक्षक

### डेढ़ माह में सिर्फ सत्रह फीसदी खरीदी

धान खरीदी के लिए इस बार 52 लाख क्विंटल खरीदी का टारगेट रखा गया है। धान की खरीदी एक नवंबर से शुरू की गई है। अब तक डेढ़ माह बीत जाने के बाद सिर्फ सत्रह फीसदी यानि 15 लाख 50970 क्विंटल की ही खरीदी हुई हैं। अगर इस रफ्तार में खरीदी हुई तो आगामी डेढ़ माह में तीस लाख क्विंटल तक ही खरीदी हो पाएगी। जबकि पंजीकृत रकबा 120850 हेक्टेयर है। इसमें पंजीकृत 110999 किसनों से साठ लाख क्विंटल से अधिक खरीदी होगी।

## खबर संक्षेप

### सेन समाज की संभाग स्तरीय बैठक

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ प्रांत सेन समाज का संभाग स्तरीय बैठक शुरू हो गया है। हर संभाग में जिले के पदाधिकारी इसमें शामिल होगें। 15 व 16 दिसंबर को बिलासपुर और सरगुजा संभाग में बैठक के बाद 19 दिसंबर को बस्तर के समुन्द चौक कृष्णा मंदिर जगदलपुर में बैठक होगी। प्रांतीय सचिव भुवनलाल कौशिक ने बताया कि संभाग स्तरीय बैठक में संगठनात्मक चर्चा समेत अन्य मुद्दों पर बातचीत होगी। चुनाव के बाद यह संभाग स्तरीय पहली बैठक है। बस्तर संभाग की बैठक के बाद रायपुर, दुर्ग संभाग की बैठक होगी। इसकी तिथि जल्द घोषित की जाएगी। प्रांताध्यक्ष पुनीत राम सेन अपने प्रांतीय कार्यकारिणी का भी गठन करेंगे। बैठक में प्रांताध्यक्ष पुनीतराम सेन,मुख्य निर्वाचन अधिकारी खम्हनलाल शांडिल्य शामिल थे।

### छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम 18 को

**उतई।** सतनामी समाज शास्त्री चौक डुंडेरा द्वारा बाबा गुरु घासीदास जयंती का आयोजन 18 दिसम्बर को किया जाएगा। जिसकी तैयारी समिति द्वारा जोरो-शोरो से की जा रही है। आयोजन के संबंध में समाज के अध्यक्ष कीर्तन कोसरे एवं एल्डरमेन तरुण बंजारे ने बताया की शास्त्री चौक डुंडेरा में 18 दिसम्बर गुरु घासीदास जयंती के अवसर पर ग्राम गब्दी के पंथी पार्टी के साथ पालो चढ़ाव का कार्यक्रम होगा एवं रात्रिकालीन आकर्षण में विजय चंद्राकर कृत छत्तीसगढ़ी लोक कला मंच ''तिहार'' धमतरी की रंगारंग प्रस्तुति होगी।आयोजको ने समारोह में ग्राम सहित आसपास के लोगो को शामिल होने अपील की है। आयोजन के लिए ओमप्रकाश कोसरे, नरेंद्र कोसरे, विक्की मनहर, प्रकाश बंजारे, राधेश्याम सोनवानी, टोपु कोसरे, राजेन्द्र कोसरे, दिनेश बंजारे, राजू कोसरे, गंगा मनहर, गोपाल कोसरे, गोवर्धन कोसरे, नोलेश कोसरे व प्रदीप बंजारे जयंती की तैयारी में जुटे हुए है।

### घासीदास जंयती व नाच की प्रस्तुति 18 को

**निकुम।** समस्त सतनामी समाज एवं ग्रामवासी निकुम के तत्वावधान में घासीदास नगर निकुम संत शिरोमणि बाबा घासीदास की दो दिवसीय जयंती धूमधाम से मनायी जायेगी। जिसके अंतर्गत रविवार को शाम 4 बजे नवीन जय स्तंभ गुरु गद्दी का लोकार्पण कर शोभायात्रा, अखाड़ा प्रस्तुति व गुरु गद्दी स्थापना, चौका आरती पं.खुमानदास जोशी करेगें। जिसमें मुख्य अतिथि विधायक दुर्गग्रामीण ललित चन्द्राकर होगें।

## यूनियन नेताओं ने कहा उच्च प्रबंधन की मनमानी से कर्मियों में आक्रोश

# वेतन समझौता में लेटलतीफी के खिलाफ यूनियनें लामबंद

**संयुक्त यूनियन ने मुर्गा चौक पर किया प्रदर्शन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के कर्मचारियों के वेतन समझौता में लेटलतीफी से गुस्साए संयुक्त ट्रेडनियूनिन ने शनिवार को सेक्टर 1 मुर्गा चौक पर प्रदर्शन किया। अब तक समझौता अपूर्ण होने के लिए यूनियन नेताओं ने उच्च प्रबंधन को जिम्मेदार करार देते हुए कर्मियों से 29 और 30 जनवरी की हड़ताल के लिए तैयार रहने की अपील की ।

इंटक एटक सीटू एचएमएस एक्टू लोईमू, इस्पात श्रमिक मंच एवं स्टील वर्कर्स यूनियन के सैकड़ो पदाधिकारी एवं प्रतिनिधि मुर्गा चौक पर सुबह आठ बजे एकत्रित होकर सेल प्रबंधन के तानाशाही रवैये के खिलाफ नारेबाजी शुरू किया । इस दौरान सभी यूनियन के शीर्ष पदाधिकारियों ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि सेल प्रबंधन के पास अधिकारियों को देने के लिए तो पैसा है लेकिन कर्मचारियों के लिए अब इसके पास पैसा नहीं है । सेल कर्मियों का 39 महीने का एरियर्स, हाउस रेंट अलाउंस, नाइट शिफ्ट एलाउंस पर कोई फैसला नहीं हो रहा है । सेल प्रबंधन ग्रेच्युटी पर मनमाने तरीके से सीलिंग लगाकर कर्मचारियों को भारी नुकसान कर दिया है । यूनियन प्रतिनिधियों ने कहा कि केंद्रीय यूनियन नेताओं के विरोध के बावजूद मनमाने तरीके से सेल कर्मियों के खाते में मात्र 23000 रुपए बोनस डाल दिया गया । एमओयू होने के 2 वर्ष बाद भी वेतन समझौता नहीं हुआ है एवं सेल प्रबंधन अब एनजेसीएस की मीटिंग भी नही कर रहा है ।

**29 और 30 जनवरी को सेल में होगी हड़ताल**




### हड़ताल में शामिल होने की अपील

यूनियन पदाधिकारियों ने कहा कि सेल प्रबंधन के तानाशाही रवैया के खिलाफ ट्रेड यूनियनों ने एकजुट होकर 29 एवं 30 जनवरी को सेल की सभी इकाइयों में हड़ताल करने का निर्णय लिया है । संयुक्त यूनियन द्वारा प्रदर्शन कर इसकी शुरुआत की गई । कर्मियों ने भी प्रदर्शन में भाग लिया । यूनियन नेताओं ने 29 एवं 30 जनवरी को हड़ताल में शामिल होने के लिए सभी कर्मियों से अपील की । यूनियन नेताओं को कर्मचारियों का समर्थन मिलना शुरू हो गया है । संयुक्त यूनियन के पदाधिकारी संयंत्र के सभी संगठनों एवं फेडरेशन से संपर्क कर इस हड़ताल में शामिल होने की अपील करेंगे ।

### बीएसपी में फेस आईडी सिस्टम पर लगाएं रोक, बीएमएस पदाधिकारी सांसद से मिले



**भिलाई।** भिलाई इस्पात मजदूर संघ के पदाधिकारियों ने सांसद विजय बघेल से मिलकर बीएसपी द्वारा लागू किए गए फेस आईडी सिस्टम के लागू करने पर रोक लगाने की मांग की है। यूनियन ने बताया कि भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन द्वारा कर्मचारियों के लिए नए नियम फेस आईडी सिस्टम के द्वारा लागू करने की योजना के तहत प्रथम चरण में बिल्डिंग नंबर दो एवं ब्लास्ट फर्नेस विभाग मे नियमित एवं ठेका कर्मचारियों का फोटोग्राफी चालू किया गया है। इस पहले मुख्य महाप्रबंधक संदीप माथुर व ईडी से मिलकर फेस आईडी सिस्टम न लागू करने की मांग की थी तथा सांसद ने भी प्रबंधन को फोन कर कोई नया सिस्टम चालू न करने कहा था । इसके बाद भी फेस सिस्टम को लागू कर दिया । इससे गुस्साए यूनियन के पदाधिकारी श्रमिकों के साथ सांसद निवास सेक्टर 5 पहुंचकर फोटोग्राफी सिस्टम रुकवाने की मांग की। सांसद विजय बघेल ने डायरेक्टर इंचार्ज अनिर्बान दास गुप्ता एवं कार्यपालक निदेशक पवन कुमार को फोन कर फेस आईडी सिस्टम पर तत्काल रोक लगाने कहा । साथ ही कर्मचारियों के विषयों पर मान्यता प्राप्त यूनियन से चर्चा कर उनका समाधान करने की दिशा में कार्य करने कहा। इस अवसर पर यूनियन के कार्यकारी अध्यक्ष रवि शंकर सिंह औकमहामंत्री चन्ना केशवलू सहित शारदा गुप्ता, आईपी मिश्रा, डिल्ली राव मृगेन्द्र कुमार सुरेन्द्र चौहान जगजीत सिंह संयुक्त महामंत्री वशिष्ठ वर्मा हरिशंकर चतुर्वेदी उमेश मिश्रा अनिल गजभिए आदि शामिल थे।

**88 हजार की अवैध शराब बरामद**

# एमपी से बोलेरो में आ रही अवैध शराब को पकड़ा




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

शराब का अवैध परिवहन करने वाले बोलेरो वाहन समेत चालक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने आबकारी एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। धमधा टीआई अम्बर सिंह भारद्वाज ने बताया कि विशेष सूत्रों से पता चला कि बोलेरो वाहन में भारी मात्रा में अवैध शराब का परिवहन मध्य प्रदेश की तरफ से गंडई मेन रोड होते हुये धमधा दुर्ग पहुच रही है। पुलिस टीम गंडई स्थित ग्राम बिरझापुर के आगे अमन ढाबा के पास नाकाबंदी किया। सफेद रंग की बोलेरो वाहन सीसी 07/ एयू /8717 तेज रफ्तार से धमथा दुर्ग की ओर आ रही थी। जिसे ढाबा के पास घेराबंदी कर पकड गया। बोलेरो वाहन के साईड में बैठा आरोपी साक्षरता चौक वैशाली नगर निवासी रामहित जयसवाल बोलेरों से कूदकर फरार हो गया। वहीं वाहन चालक आरोपी गराम आशापार जलालपुर अंबेड़कर नगर यूपी निवासी रामचंद्र राजभर को गिरफ्तार कर वाहन को चेक करने पर 15 पेटी गोवा अवैध शराब बरामद किया है। चालक से पूछताछ करने पर पुलिस को बताया कि मध्य प्रदेश जिला शहडोल से बचने के लिए शराब परिवहन कर लाना स्वीकार किया। शराब की कीमत 88 हजार 220 रूपये का है। जिसका कोई भी दस्तावेज पुलिस को नहीं मिला। जप्त बोलेरों वाहन की कीमत 7 लाख रुपए आंकी गई है। कार्रवाई में एसीसीयू और धमधा पुलिस का योगदान रहा है।

# सांसद विजय ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से की मुलाकात, हुई विभिन्न विषयों पर चर्चा



**भिलाई।** दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल ने शनिवार को केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। इस दौरान बघेल ने शाह को छत्तीसगढ़ में भाजपा की प्रचंड जीत के लिए बधाई दी। साथ ही बघेल ने प्रदेश घोषणा पत्र संयोजक के रूप में बड़ी जिम्मेदारी प्रदान कर निरंतर मार्गदर्शन देने के लिए शाह का आभार जताया। बता दें कि विजय बघेल को दुर्ग जिले की पाटन विधानसभा सीट से प्रत्याशी बनाया गया था। उनके सामने तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल चुनाव लड़ रहे थे। इस चुनाव में विजय बघेल को हार मिली। वहीं संगठन में भी इस चुनाव में विजय को बड़ी जिम्मेदारी दी गई थी। उन्हें घोषणा पत्र समिति का संयोजक बनाया गया था। शाह से मुलाकात के दौरान विजय बघेल ने उनसे विभिन्न विषयों पर चर्चा की।

### आटो से चावल की तस्करी करते पकड़ाया



**भिलाई।** शहर में पीडीएस चावल की तस्करी बंद होने का नाम नहीं ले रहा है। जिसे लेकर खाद्य विभाग की सेटिंग के चलते तस्करों पर मेहरबानी की जा रही है। छावनी पुलिस ने शनिवार को अवैध रुप से पीडीएस चावल की तस्करी करने वाले को पकड़ा है। जिसे फूड विभाग को सौंपा गया है। छावनी पुलिस ने बताया कि सूचना पर पुलिस ने एक ऑटो को पकड़ा गया। जिसमें बारी तदात में चावल लोड था। मित्तल ट्रेडर्स संचालक दीपक अग्रवाल से मामले में पूछताछ जारी है। जलेबी चौक के पास से ऑटो में 24 कट्टा चावल बरामद किया है। पीडीएस का चावल जांच के लिए पुलिस ने खाद्य विभाग को सौंप दिया है।

### बोल्सोनिका यूनियन के समर्थन में लोइमू का धरना

**भिलाई।** लोईमु और छत्तीससगढ़ मुक्ति मोर्चा मजदूर कार्यकर्ता समिति ने बोल्सोनिका मजदूर यूनियन के समर्थन में शनिवार क मुर्गा चौक पर प्रदर्शन किया। यूनियन ने कहा कि हरियाणा के गुड़गांव मानेसर औद्योगिक में स्थापित बोल्सोनिका मजदूर यूनियन के रजिस्ट्रैसन को सरकार ने रद्द कर दिया ।यह श्रम अधिकारों पर हमला है और होंडा मारुति घड़ी के पुर्जे बनाने वाले मजदूरों की यूनियन है। यूनियन के स्थाई कर्मचारी ठेका मजदूरों की माँगों को उठा रहे थे, तब हरियाणा सरकार को रास नही आया और पंजीयन ही रद्द कर दिया । मजदूरों के मजदूरों को सविधान मे प्राप्त मौलिक अधिकारों को समाप्त किया जा रहा है और यह सब केंद्र सरकार द्वारा लाया जा रहा 4 श्रम कोड के तहत हो रहा है । सुरेंद्र मोहंती, राधे श्याम सोरी, सोम नाथ नेताम, राजेंद्र परगनिहा, चन्द्रकला तारम दिनेशवरी रमांकांत बन्जारे महेश साहू देवेंद्र सोनी कलादास डेहरिया उपस्थित थे।

# लोक अदालत में 55428 की हुई सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में जिला कोर्ट में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया था। इस लोक अदालत में पीडित पक्षों ने अच्छी खासी रूचि दिखाई और सुलाह के लिए सामने आए। इस दौरान 55428 मामलो का मौके पर ही निराकरण किया गया।

जिला न्यायालय एवं तहसील व्यवहार न्यायालय में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसके तहत जिला न्यायालय दुर्ग, व्यवहार न्यायालय मिलाई-3 व्यवहार न्यायालय पाटन एवं व्यवहार न्यायालय धमधा, तथा किशोर न्याय बोर्ड श्रम न्यायालय, स्थायी लोक अदालत (जनोपयोगी सेवाएँ) राजस्व न्यायालय एवं उपभोक्ता फोरम दुर्ग में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सिराजुद्दीन कुरैशी प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय दुर्ग, संजीव कुमार टॉमुक, प्रथन अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश दुर्ग श्री राकेश कुमार वर्मा, द्वितीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, दुर्ग के अलावा जिला अधिवक्ता संघ, दुर्ग की अध्यक्ष नीता जैन एवं अन्य पदाधिकारीगण, न्यायाधीशगण, अधिवक्तागण तथा विभिन्न बैंक के प्रबंधक उपस्थित रहे। नेशनल लोक अदालत में कुल 31 खण्डपीठ का गठन किया गया। परिवार न्यायालय दुर्ग हेतु 02 खण्डपीठ, जिला न्यायालय डी हेतु 22, तहसील न्यायालय मिलाई-3 में 02 खण्डपीट तहसील पाटन हेतु 01 खण्डपीठ, तहसील न्यायालय धमघा में 01 खण्डपीठ, किशोर न्याय बोर्ड हेतु 01 श्रम न्यायालय हेतु 01 तथा स्थायी लोक अदालत दुर्ग के लिए 01 खण्डपीठ का गठन किया गया।

**जांच परीक्षण का भी आयोजन**

शनिवार को आयोजित नेशनल लोक अदालत के अवसर पर कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी दुर्ग को साहयोग से जिला न्यायालय परिसर दुर्ग में पक्षकारों को स्वास्थ्य जाँच, परीक्षण हेतु एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें उक्त डॉ० श्रेया द्विवेदी, दुष्यंत वर्मा, मोहन राम, महिमा वैष्णव स्टाफ नर्स एवं मुकेश साहू के द्वारा सेवाएँ प्रदान की गयी।

**इस वर्ष का अंतिम लोक अदालत**

वर्ष 2023 के इस चतुर्थ एवं अंतिम नेशनल लोक अदालत में कुल 6809 न्यायालयीन प्रकरण तथा कुल 48619 प्री-लिटिगेशन प्रकरण निराकृत हुए, जिनमें कुल समझौता राशि 283076458.23/- रूपये रहा। इनमें बैंक ऑफ बडोदा के प्रीलिटिगेशन के कुल 53. मामले निराकृत हुए जिनमें समझौता राशि लगभग 6680082.66 रही है।

**स्वागत में लोगों ने की फूलों की वर्षा, महाआरती कराई**

# शहर में निकली निशान यात्रा, श्रद्धालुओं में उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग



छत्तीसगढ़ की धार्मिक नगरी दुर्ग में पहली बार निकली प्रदेश की सबसे बड़ी निशान यात्रा जिसमें 1100 श्याम प्रेमियों ने उठाया निशान। निशान यात्रा श्री सत्तीचौरा माँ दुर्गा मंदिर गंजपारा से कादम्बरी नगर स्थित श्री श्याम मंदिर तक निकाली गई। आयोजन समिति के योगेन्द्र शर्मा बंटी ने बताया कि निशान यात्रा में बड़ी संख्या में श्रध्दालु श्याम ध्वज लेकर शामिल हुए और पदयात्रा की। पोलसायपारा चौक में श्री खाटू श्याम ज्योतिष केंद्र द्वारा प्रसाद वितरण किया गया। दुर्ग में पहली बार 1100 धर्मप्रेमियों की निशान यात्रा को देखने एवं फूलों की वर्षा करने अलग अलग स्थानों में धर्मप्रेमी जमा हुए, इस निशान यात्रा में नगर की सैकड़ों महिलाओं सहित युवा श्रद्धालु लाल, पीले ध्वज निशान लेकर भक्तगण श्याम गुणगान करते हुए शामिल हुए। साथ ही श्री श्याम जी की आकर्षक झांकी भी निशान यात्रा में निकाली गई। जिसमें श्री गणेश, शंकर जी, माता जी, बजरंग बली की लगभग 10 फिट से बड़ी झांकी थी। निशान यात्रा में पूर्व मंत्री अरुण वोरा, विधायक गजेंद्र यादव, प्रदेश महामंत्री राजेन्द्र साहू, निशान यात्रा आयोजक रामफल शर्मा, सुरेंद्र शर्म, एवं अशोक राठी, आशुतोष सिंह, देवनारायण चंद्राकर, नवल अग्रवाल, महेश टावरी, नारायण खेतान, योगेन्द्र शर्मा बंटी, प्रीति राजगढ़िया, सिंपल राठी, अनिता अग्रवाल, राहुल शर्मा, लक्की अग्रवाल, आशीष सोनी, राजेश शर्मा, मनीष सेन, नितिन अग्रवाल आदि शामिल हुए।

### धूमधाम से निकली पदयात्रा

पदयात्रा कर निशान चढ़ाने को लेकर मान्यता यह रही है कि श्री श्याम बाबा के महाबलिदान शीश दान के लिए उन्हें निशान चढ़ाया जाता है। यह उनकी विजय का प्रतीक है, जिसमें उन्होंने धर्म की जीत के लिए दान में अपना शीश ही भगवान श्री कृष्ण को दे दिया था। जिन्हें प्रसन्ना करने निशान छोटे से बड़े मुख्यत केसरी नीला, सफेद , लाल या पीले रंग का झंडा निशानों पर श्याम बाबा और कृष्ण भगवान के जयकारे और दर्शन के फोटो लगाते है। वही कुछ निशानों पर नारियल और मोरपंख भी लगाया जाता है। जिससे श्याम सरकार सभी के हर बिगड़े कार्य बना देते है व भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं। इसलिए सभी भक्त श्याम मंदिरों में अपनी मन्नाते मांगते हुए निशान चढ़ाते हैं। श्याम बाबा की जय, हारे का सहारा श्याम हमारा की गूंज पूरे शहर में रही, जगह जगह निशान यात्रा का स्वागत किया गया।

# सेक्टर-7 के माताधाम मंदिर में 23 को होगा गीता महायज्ञ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई



सेक्टर-7 स्थित माताधाम मंदिर में इस महीने की 23 तारीख को गीता जयंती के पावन पर्व पर गीता महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। श्रीमद् भगवद्गीता प्रचार संघ के नेतृत्व में आयोजित होने वाले गीता महायज्ञ का यह 17 वां वर्ष है। संघ के संयोजक पी मुरहरि ने बताया कि आयोजन को अंतिम रूप देने के लिए बुधवार को कैंप-1 स्थित शिवानंद भजन मंदिर में के यर्रन्ना की अध्यक्षता में एक बैठक हुई। जिसमें सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित किया गया कि मां मंकिनम्मा जन कल्याण सेवा समिति के तत्वावधान में गीता महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा।

कार्यक्रम के अनुसार सुबह छह से सात बजे तक नगर संकीर्तन होगा। उसके बाद ध्वजारोहण किया जाएगा। ध्वजारोहण के पश्चात कलश स्थापना की जाएगी। फिर नौ बजे से साढ़े तीन घंटे तक गीता महायज्ञ होगा। यज्ञ के तुरंत बाद विष्णु सहस्त्रनाम स्तोत्र का पाठ कर श्री हरि के नामों की महिमा का वर्णन किया जाएगा। इस अवसर पर दोपहर को नारायण सेवा यानी कि भंडारा भी रखा गया है। शाम को भजन संकीर्तन के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। बैठक में एन रुकमांगधरा राव, जोगाराव, एन पापाराव, पी त्रिनाथ पंडित, बी रामाराव, वी सनमुख राव, वाई उपेंद्र राव, बी वेंकट राव और एल पुन्नय्या प्रमुख रूप से शामिल थे।

## खबर संक्षेप

### संत राम बालकदास को मिली गौदूत की जिम्मेदारी



**डौंडीलोहारा।** पूरे भारतवर्ष में गौमाता को राष्ट्रमाता के पद पर स्थापित करने के लिए चारों शंकराचार्य एकजुट होकर कार्य कर रहे हैं। ऐसे समय में भारत वर्ष के प्रत्येक प्रदेश में एक संत को गौदूत के रूप में प्रदेश प्रमुख का दायित्व दिया गया है।इस श्रेणी में छत्तीसगढ़ के लिए संत श्री राम बालक दास को प्रदेश का प्रमुख बनाया गया है। इस अभियान के अंतर्गत आने वाले कुछ दिनों में छत्तीसगढ़ में 11 विशिष्ट संतों को धर्म सांसद के रूप में दायित्व दिया जाएगा और जिला एवं ब्लॉक स्तर पर समितियां भी बनाई जाएगी। संत श्री राम बालक दास ने पत्रकारों को बताया कि फरवरी में प्रयाग में होने वाले धर्म संसद में उन्हें भी आमंत्रित किया गया है।

### शहीद वीर नारायण सिंह का शहादत दिवस कल



**दल्लीराजहरा।** छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा के अध्यक्ष, संरक्षक जिला किसान संघ एवं पूर्व विधायक जनक लाल ठाकुर ने आम जनता से शहीद कामरेड वीर नारायण सिंह की शहादत दिवस पर शामिल होने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ माइंस श्रमिक संघ/ छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा द्वारा सन-1979 से ही शहीद कामरेड शंकर गुहा नियोगी के सफल नेतृत्व व दूर-दृष्टि तथा शहीदों को सम्मान के परिणाम स्वरुप शहीद कामरेड वीर नारायण सिंह की शहादत दिवस प्रतिवर्ष विभिन्न बड़े शहरों व कस्बों में 19 दिसम्बर को शहादत दिवस के रुप में लगातार मनाते आ रही है। प्रतिवर्ष की भाँति इस वर्ष भी शहीद कामरेड वीरनारायण सिंह का शहादत दिवस 19 दिसंबर को शहीद नगरी दल्लीराजहरा में कार्यक्रम आयोजित है। साथ ही साथ छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा के सभी मुखिया पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ता व किसान संघ के साथियों के साथ श्रद्धांजलि सभा के पहले सुबह 11 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक आपसी बातचीत व सांगठनिक चर्चा भी कार्यालय में की जायेगी।

## पेज 9 का शेष

### अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन...

कोरिया के डॉ. टीएन अन्ह ट्रान, कनाडा से शिक्षाविद नेओमी टर्नर, कैलिफोर्निया, अमेरिका से चंद्र शेखर तिवारी, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग से डॉ. प्रीता लाल, व दिल्ली से डॉ. सुरेंद्र पाठक, योगेश शास्त्री, संचालक गणेश वर्मा सहित अन्य सभी विश्वविद्यालय व महाविद्यालय के रिसर्च स्कॉलर व सहायक प्राध्यापक तथा समाधान महाविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी उमेश सिंह राजपूत व समस्त सहायक प्राध्यापक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सुश्री स्वीटी मालिक, दीपाली सलूजा, पीताम्बर झा एवं पूजा सिन्हा के द्वारा किया गया। यह अन्तर्राष्ट्रीय सम्मलेन सभी के लिए उपलब्धियों से परिपूर्ण रहा ।

**शुभारंभ : दुर्ग ग्रामीण विधानसभा ललित ने ग्राम पंचायत महमरा में किया यात्रा का शुभारंभ**

# देश की प्रगति व जरुरतमंदों की उन्नति का अभियान है विकसित भारत संकल्प यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

ग्राम पंचायत महमरा में विकसित भारत संकल्प यात्रा निकालने के साथ ही बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान लोगों को केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। इस अवसर पर विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के संकल्प के अनुसार अंजोरा की प्रगति और जरुरतमंद के जीवन स्तर को उन्नति की ओर अग्रसर करने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा एक बड़ा और व्यापक अभियान है।

शनिवार को ग्राम पंचायत अंजोरा के महमरा और अंजोर में विधायक ललित चंद्राकर ने विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ किया। उन्होंने ग्रामीणों को योजनाओं से अधिक से अधिक जुड़कर लाभ प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।







इसके साथ ही वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने में अपना सहयोग देने के लिए सभी को शपथ भी दिलवाई। शिविर में विभिन्न विभागों ने केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं से संबंधित स्टॉल और प्रदर्शनी भी लगाई। कृषि विभाग, उद्यान विभाग, समाज कल्याण, महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, आजीविका मिशन, पशुपालन, सहकारी समिति के अधिकारियों और कर्मचारियों ने लोगों को सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। लोगों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। आयुष्मान कार्ड, आभा आईडी, स्वयं सहायता समूह की ओर से बनाए गए उत्पाद आदि की सुविधा भी दी गई।

### विधायक चंद्राकर ने गैस चूल्हे का किया वितरण

अंजोरा मंडल क्षेत्र के ग्राम पंचायत महमरा में विधायक ललित चन्द्राकर ने सरस्वती यादव और गौरी गोड़ को उज्जवला योजना के तहत गैस सिलेंडर तथा चूल्हा प्रदान किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य माया बेलचंदन, अंजोरा मंडल अध्यक्ष गिरेश साहू, सरपंच खेमेश्वरी निषाद, नर्मदा ठाकुर, रूखमणी निषाद, निर्मला निषाद, खेमलाल साहू, दिनेश देशमुख, सुखदेव देवांगन, शिव निषाद, जीतू देवांगन, यमिनी हरमुख, पुराण देशमुख, लोकेश चक्रधारी सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता व ग्रामीण उपस्थित थे।

### योजनाओं की दी जानकारी

कार्यक्रम में केंद्र सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए आईईसी मोबाइल वैन के जरिए प्रधानमंत्री के संदेश, योजनाओं की जानकारी और योजनाओं से संबंधित चलचित्र प्रदर्शन किया गया। इसके अलावा योजनाओं से संबंधित पाम्पलेट, बुकलेट आदि वितरित किए गए और विभिन्न योजनाओं की जानकारी आम जनता को दी गई। स्कूली बच्चों ने संदेशपरक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। योजनाओं के संबंध में जागरूकता के लिए स्वच्छता, शिक्षा से संबंधित लघु नाटिका की प्रस्तुति स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा दी गई। विभागीय अधिकारियों द्वारा प्राकृतिक खेती, स्वाईल हेल्थ कार्ड के संबंध में जानकारी दी गई। अंत में जिला पंचायत के सीईओ ने सभी लोगों की व्यापक सहभागिता के प्रति आभार प्रकट किया।

## पंचायत सचिव संघ की चौथी बार ब्लाक अध्यक्ष बने चुनुराम



**डौंडीलोहारा।** छत्तीसगढ़ पंचायत सचिव संघ के प्रांतीय आह्वान पर प्रत्येक 3 वर्ष में पंचायत सचिव संघ के नवीन पदाधिकारी, कार्यकारिणी का चयन जनपद, जिला एवं प्रांत निकाय पर किया जाता है। इसके तहत जनपद पंचायत डौंडीलोहारा सचिव संघ के अध्यक्ष का चुनाव 16 दिसंबर को हुआ।

इसमें लगातार चौथी बार चुनुराम सिन्हा को निर्विरोध ब्लॉक अध्यक्ष बनाया गया। इससे पूर्व मध्य प्रदेश राज्य था तब भी चुनुराम सिन्हा दो बार ब्लाक अध्यक्ष रह चुके हैं। ब्लॉक अध्यक्ष के चुनाव हेतु निर्वाचन अधिकारी के रूप में गुरुर ब्लॉक से पन्नालाल सिन्हा, रोहित कुमार सिन्हा एवं कामता प्रसाद देवांगन उपस्थित होकर निर्वाचन प्रक्रिया पूर्ण किये। चुनुराम सिन्हा द्वारा नवीन कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष दिनेश कुमार गंजीर व राजेश्वरी पटेल सचिव मेनन सिंह अटल सलाहकार देवलाल मालेकर एवं जागेश्वर साहू कार्यकारिणी सदस्यों में मोहित मालेकर, लच्छन पटेल, टुमन भालेंद्र, शिव कुमार साहू, सरोज केराम, योगेश कुमार साहू, जितेंद्र मालेकर, भूपेंद्र यादव, भूपेश देशमुख, गोविंद साहू, हेमंत कुमार केशरिया, विदेश जगनायक को नियुक्त किया गया।

## युवराज लाल निवेन्द्र सिंह ने मुख्यमंत्री साय से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

राज परिवार के युवराज लाल निवेन्द्र सिंह टेकाम ने 16 दिसम्बर को नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से राजधानी रायपुर स्थित पहुना में सौजन्य भेंट की। उन्होंने श्री साय को मुख्यमंत्री बनाये जाने पर बधाई व शुभकामनाएं दीं।

श्री टेकाम ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से चर्चा कर बताया कि स्व.रानी झमित कुंवर देवी ने अपने समय में कई स्कूलों के लिए जमीन व मैदान के लिए दिया है, जिसमें एक स्कूल शासकीय बालक हायर सेकेंडरी विद्यालय डौंडी लोहारा के नाम से संचालित है। उन्होंने बताया कि कांग्रेस शासन में बिना जानकारी व बिना अनुमति के उस स्कूल का नाम साजिश के तहत परिवर्तन करने का आदेश निकाल दिया गया



है, जबकि डौंडीलोहारा में आज भी राज परिवार के सदस्य निवास करते हैं। युवराज लाल निवेन्द्र सिंह टेकाम ने कहा कि हाई स्कूल के नाम से जिसने भी साजिश कर नाम बदलने का प्रयास किया है, उसकी पूरी जानकारी लेते हुए उस पर कठोर कार्रवाई की माग की। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने श्री टेकाम की बात को गंभीरतापूर्वक सुना और इसकी पूरी जानकारी जिला प्रशासन से लेकर उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया। इस अवसर पर भाजपा जिला मंत्री आकाश महेश्वरी, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश सह-सोशल मीडिया प्रभारी हितेश कुमार, भाजपा युवा नेता निखिल शर्मा भी उपस्थित थे।



## जिला स्तरीय पेंशनर सम्मेलन में कई मुद्दों पर की गई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

जिला स्तरीय पेंशनर सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का अयोजन सदन में किया गया। कार्यक्रम का सुभारंभ माता सरस्वती की पूजा–अर्चना कर किया गया। सम्मेलन में अपनी मांगों को लेकर चर्चा की गई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रांताध्यक्ष छत्तीसगढ़ पेंशनर समाज रायपुर थे, अध्यक्षता संरक्षक छत्तीसगढ़ पेंशनर समाज रायपुर हरदेव लाल दिल्लिवार ने की। विशिष्ट अतिथिगण टामन सिंह, शांता प्रसाद, मोहन चतुर्वेदी, कोषाध्यक्ष मलखम राम, श्यामसुंदर अग्रवाल, नेमसिंह साहू, चंद्रशेखर तिवारी, चित्रनंद साहू, सेवाराम तेजस्वी, पोषण लाल शर्मा, जेएल ठाकुर, निहाल सिंह, पुनुराम गुरुपंच, सीआर. साहू, एआर सोनवानी, बी.आर. देवागन, सीताराम सोनखुटिया, एनएस. साहू, बी नेताम, सुभाष चौधरी, रामेश्वर ठाकुर, रश्मि केराम, जयतु राम खरे, डीआर. सोनबोइर, एसएस गौतम, टीआर. महमल्ला तथा पेंशनर समाज बालोद, डौंडी, देवरी, गुण्डरदेही, डौंडीलोहारा, अर्जुंदा से पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

## संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा स्पर्धा का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

- 13 स्कूलों के 900 छात्र-छात्राओं ने लिया था भाग

संकुल केंद्र नया एवं पुराना बाजार की तीन दिवसीय बालक्रीड़ा प्रतियोगिता का समापन शनिवार को दल्ली राजहरा फुटबॉल स्टेडियम में हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में शीबू नायर नगर पालिका अध्यक्ष, सोनम भुआर्य अध्यक्ष महिला मंडल हल्बा समाज राजहरा, तिलक मानकर आदि उपस्थित थे।

बालक्रीड़ा में दोनों संकुलों की 13 शालाओं के 900 बच्चों ने भाग लिया। लगभग 75 शिक्षकों ने खेल में सहभागिता निभाई। सामुहिक एवं व्यक्तिगत खेलों में गुरुनानक स्कूल के बच्चों ने बाजी मारी। शीबू नायर द्वारा बच्चों को बताया गया कि शिक्षकों का स्थान माता-पिता तुल्य





है। यदि शिक्षक कोई बात बोल दे तो बच्चों को नाराज नही होना चाहिए। गुरुजनों की आज्ञा का पालन करना चाहिए। गुरु भविष्य निर्माता होता है।

बच्चों द्वारा खो-खो,कबड्डी, रस्सा -खींच, रिले रेस, उंची कूद, लंबी -कूद, रस्सी कूद, गोला फेंक, गोली चम्मच, सुई धागा, योगाभ्यास, आलू दौड़, मेढ़क दौड़, त्रिटंगी दौड़, दौड़ आदि खेलों में सहभागिता निभाई गई। बालक्रीड़ा प्रतियोगिता सम्पन्न कराने में सर्व संस्था (शासकीय एवं अशासकीय ) के शिक्षकों शीला खांडेकर, सविता जंघेल, देवांगन मैडम, दीप्ति पांडेय, जयंत्री ठाकुर, ममता घराना, योगेंद्र नाथ देवांगन, सुश्री किरण श्रीवास्तव,मोना सहगल, रेणुका उइके, किरण राव,ज्योति सिंग, तृप्ति बाम्बेश्वर, नेहा गुप्ता, मनोज दास, विपिन करवाड़े, मां भवानी के शिक्षक, गांधी विद्या मंदिर के शिक्षक, भोजराज साहू, धनसिंग यादव, सदानंद भुआर्य, टेमेंद्र भुआर्य, तमेंद्र साहू, पुकेश्वर देशमुख, मुकेश कोर्राम, रितेश ऋषि, श्रीमती तरुण साहू, श्यामकुमार जाटवर, ताराचंद निषाद, निषाद सर, कोरेटी सर, रोहित सोनगेर संकुल समन्वयक पुराना बाजार एवं राजमल जैन संकुल समन्वयक नया बाजार आदि उपस्थित थे।

## क्रीड़ा स्पर्धा में प्रतिभागियों ने दिखाई प्रतिभा






**बालोद।** संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता संकुल केंद्र बालोद के तत्वावधान में सरदार पटेल मैदान बालोद में संपन्न हुआ। जिसमें 4 प्राथमिक शाला व 4 पूर्व माध्यमिक शाला अपनी खेल व्यायाम योगा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रतिभा का प्रदर्शन जोश खरोश के साथ दिखाए। इस प्रतियोगिता में स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय, पूर्व माध्यमिक शाला संकुल में प्रथम स्थान पर रहे। व्यक्तिगत खेल के साथ सभी सामूहिक खेल, व्यायाम सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रथम स्थान पर रखे। शाला के प्रचार्य अरुण साहू, पूर्व माद्यमिक शाला के प्रभारी प्रधानपाठक चेतन कुमार यादव,

घर बैठे लोन पायें
• LOW INTEREST RATE •
बिजनेस लोन
पर्सनल लोन
होम लोन
कार लोन
मॉर्गेज लोन
LOW PROCESSING FEE
ITR फाईल करने का अंतिम अवसर 31 दिसम्बर तक
लोन लेने के लिए आज ही ITR बनवायें
मात्र- 499/-
ITR GST
कारगिल चौक, सुन्दर नगर, रायपुर (छ.ग.), मो. 9343916614

**अपना नुकसान रोकने बंदरों की जान से खिलवाड़ कर रहे कई लोग**

## बंदर भगाने छर्रे वाले बंदूक का उपयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले में गांव के साथ शहर में बंदरों का आतंक भले ही हो, लेकिन शहर से ज्यादा गांवों में बंदरों को भगाने के लिए खतरनाक हथियारों का सहारा लिया जा रहा है, जिससे जीव जंतुओं की मृत्यु तक हो सकती है।

जिले के शहरों में बंदर भले ही घरों में सुखाए सामान या दुकानों के सामान को चुपके से खाते दिखें, लेकिन गांवों में सब्जी भाजी लगाने वाले या कच्चे मकान वाले लोगों को बंदरों के द्वारा सब्जी के खेतों को नुकसान न पहुंचाएं इसलिए परिवार का कोई व्यक्ति सब्जी के खेत में मौजूद रहता ही है, ताकि बंदर आने पर उसे भगाया जा सके जिसके



कारण सब्जी लगाने वाले परिवारजनों को काफी दिक्कतों का सामना भी करना पड़ता है। वहीं बंदरों का झुण्ड किसी एक व्यक्ति से खेत से भगाए नहीं भगता, बंदरों को भगाने के लिए लोगों को समूह बनाकर इकट्ठा होना पड़ता है तब दो तीन लोगों से बंदर को भगाया जाना संभव हो पाता है, वहीं पूर्व में बंदरों को भगाने के लिए पटाखे, डंडे, का उपयोग किया जाता था लेकिन वर्तमान में बंदर उनसे भी नहीं भागते। जिसके कारण आधुनिकता के समय में लोग भी आधुनिक होते जा रहे हैं और कई गांवों में देखने को मिल रहा है कि लोग छर्रे वाले बंदूकों का सहारा ले रहे हैं। इसमें सायकल में लगने वाले छर्रे के सामान गोली आती है जिससे बंदरों को निशाना बनाकर उन्हें मारा जाता है। इससे कई बार बंदरों के घायल होने की खबर भी सुनने को मिल रही है।

### बंदरों पर लगा रहे निशाना

सबसे बड़ी बात है कि बाजार में ये बंदक चोरी छुपे गुब्बारे पे निशाना लगाने के लिए बिक रहे हैं, लेकिन वर्तमान में लोग इन बंदूकों से गुब्बारों पर निशाना लगाने की जगह बंदरों पर निशाना लगा रहे हैं। इससे बंदर डर के कारण एक अकेले व्यक्ति से ही भाग जा रहे हैं। लेकिन कई लोग इस बंदूक का सहारा लेकर न सिर्फ बंदर बल्कि पशु पक्षियों के शिकार और मनोरंजन के लिए उपयोग में ला रहे हैं और यह गांवों में खुले आम देखने को मिल जाती है, लेकिन जिम्मेदार विभागों द्वारा इस ओर कोई कदम नहीं उठाया जा रहा है, जिससे जीव जंतुओं के जीवन पर खतरा मंडरा रहा है।

Health Town
यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30 pm., सायं 7.00 to 8.30 pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड,रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645

मिरेकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
मो. 9406004581
मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप



### 30 को निकाली जाएगी भव्य कलश शोभायात्रा

**बालोद।** राम मंदिर में भव्य प्राण प्रतिष्ठा को लेकर महिला समन्वय संगठन मातृ शक्ति संघ परिवार की बैठक आयोजित की गई। 22 जनवरी को आयोध्या में होने वाले भव्य प्राण प्रतिष्ठा आयोजन के पूर्व महिला समन्वय संगठन मातृ शक्ति द्वारा बैठक आयोजित की गई। बैठक में आयोध्या राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के संबंध में चर्चा की गई। इस दौरान 30 दिसंबर को कलश शोभायात्रा एवं आयोध्या राम मंदिर अन्न दान करने के लिए महिलाओं को प्रेरित किया गया। जिला संयोजिका संगीता देवांगन, नगर संयोजिका भारती बाण्डे, जिला सह संयोजिका प्रतिमा यादव, रोहिणी साहू, पद्मनी साहू, बालोद शहर मे समिति बनाई गई व आयोजन पर चर्चा की गई एवं बालोद शहर में अधिक से अधिक अन्न दान एकत्र कर आयोध्या भेजने के लिए महिलाओं के बीच जाकर बैठक संपन्न करने की योजना बनाई गई। महिला सदस्यों ने 1 से 15 जनवरी तक चलने वाले कार्यक्रम का आमंत्रण देने व कार्यक्रम को मिलकर पूरे शहर मे चलाने की बात कही।

### 20 से श्रीमद्भागवत महापुराण का आयोजन

**बालोद।** ग्राम झलमला में स्व. रामचंद, रेवतीबाई व स्व. गोवर्धन पटेल, तुलसी बाई की स्मृती में संगीतमय श्रीमद्भागवत महापुराण यज्ञ सप्ताह का आयोजन 20 दिसंबर से प्रारंभ हो रहा है। जिसका समापन 28 दिसंबर को होगा। प्रवचनकर्ता संत बल्ला प्रसाद शर्मा व परायणकर्ता पंडित घनश्याम प्रसाद शर्मा होंगे। कथा प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक चलेगा। जिसमें 20 दिसंबर को कलश यात्रा एवं गौकर्ण पूजा होगी। 21 दिसंबर को भागवत कथा प्रारंभ व परीक्षित श्राप, 22 को शुकदेव चरित्र, 23 को जड़ भरत प्रसंग सुनाया जाएगा। 24 को कृष्ण जन्म उत्सव मनाया जाएगा। 25 को कृष्ण जी की बाल लीला व दही लूट, 26 को रूखमणी मंगल, 27 को भागवत सम्पती चढ़ौती व शोभायात्रा निकाली जाएगी। 28 दिसंबर को गीता प्रवचन, नौकन्या भोजन, कपिला तर्पण, हवन पूर्णाहूति होगी। जिसमें आयोजक ग्राम पटेल मनोहर पटेल व पूर्व महिला मोर्चा अध्यक्ष व पूर्व जनपद सदस्य शकुन पटेल है।



### 19 से मिलेंगे ओपन स्कूल परीक्षा के आवेदन

**डौंडीलोहारा।** छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल द्वारा संचालित हाई स्कूल, हायर सेकेंडरी मुख्य, अवसर, क्रेडिट, आरटीडी परीक्षा फार्म का वितरण किया जा रहा है। परीक्षा प्रभारी व्याख्याता ए. सहारे ने बताया कि इच्छुक परीक्षार्थी 19 दिसंबर से प्रातः 11 से 4 बजे तक शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डौंडी लोहारा में आकर आवेदन फार्म प्राप्त कर सकते हैं।

## योजना : ग्रामवासियों ने किया यात्रा का स्वागत

# विकसित भारत संकल्प यात्रा ग्राम भेड़नी पहुंची, हुए विविध कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶। बेमेतरा

ग्राम पंचायत भेड़नी जनपद पंचायत बेरला में रविवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के तहत वैन पहुंची। भारत सरकार द्वारा प्रमुख योजनाओं की संतृप्तिकरण के लिये आउटरिच गतिविधियों के माध्यम से जागरूकता बढ़ाने हेतु विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जा रहा है।

- प्रमुख योजनाओं की संतृप्तिकरण व प्रचार-प्रसार के लिए पहुंचा वेन

ग्राम पंचायत एवं शासकीय अमलों के माध्यम से ग्राम में वैन का भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम में वैन के स्वागत के पश्चात प्रधानमंत्री मोदी के संदेश को सभी ग्रामवासी को सुनाया गया तथा सभी लोगों को 2047 तक विकसित भारत निर्माण हेतु शपथ दिलाया गया। शासन की योजनाओं के बारे में सभी आमजनों को जानकारी दी गयी तथा विभिन्न योजनाओ के लाभान्वित हितग्राहियों की सफलता की कहानी उनके द्वारा स्वयं सुनाया गया। कार्यक्रम में विभिन्न हितग्राहियों एवं अलग अलग क्षेत्रों में अच्छा कार्य किये कर्मचारी व बच्चों को भी प्रशस्तिपत्र प्रदान किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को सुपोषण कीट, खाद्य विभाग के द्वारा पात्र हितग्राहियों को उज्ज्वला योजना के तहत गैस सिलेंडर वितरण एवं योजना में नवीन पंजीयन कराया गया। राजस्व विभाग द्वारा ग्राम पंचायत में भूमि रिकॉर्ड का 100% डिजिटलाईजेशन कराने हेतु अभिनन्दन पत्र वितरित किया गया। पंचायत विभाग द्वारा राष्ट्रीय आजीविका मिशन के स्वसहायता समूह की महिलाओं का भी स्वागत किया गया। क्वीज कार्यक्रम भी कराया गया जिसमें सभी लोगों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, राजस्व विभाग, खाद्य विभाग, स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, सहकारिता विभाग आदि विभागों के द्वारा स्टाल लगाया गया था। जिसमें विभिन्न नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराई गयीं। कार्यक्रम में एसडीएम बेरला युगल किशोर उर्वशा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बेरला सुश्री पिंकी मनहर( डिप्टी कलेक्टर), तहसीलदार मनोज गुप्ता, नायब तहसीलदार, ग्राम पंचायत भेड़नी सरपंच जिज्ञासा दुबे एवं अन्य कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।







# खरमास प्रारंभ होते ही मांगलिक और शुभ कार्यों पर लगा विराम

हरिभूमि न्यूज ▶▶। बेमेतरा



देवउठनी एकादशी से प्रारंभ हुए वैवाहिक व मांगलिक आयोजनों का सिलसिला थम सा गया है। साल का आखिरी मुहूर्त बीते 15 दिसंबर को था, इसके साथ ही खरमास लगने से इसे मानने वाले इन दिनों मांगलिक आयोजन नहीं करते। नए साल के साथ ही खरमास के समापन होने के पश्चात नए वर्ष 16 जनवरी से पुनः मांगलिक आयोजनों की श्रृंखला बनेगी। ज्ञात होगी 23 नवंबर को देवउठनी एकादशी पर्व के साथ ही मांगलिक आयोजनों का सिलसिला निरंतर जारी रहा और जिले में लगातार वैवाहिक मुहूर्त के चलते शादी पार्टी का वातावरण बना हुआ था। लोगों में उत्साह भी बनी हुआ था। दिसंबर माह में लगातार वैवाहिक मुहूर्त के बाद 16 दिसंबर से खरमास लगा है, इस माह को मानने वाले इस दौरान वैवाहिक आयोजन नहीं करते, लिहाजा 15 दिसंबर तक की वैवाहिक मुहूर्त रहा।

- 16 जनवरी से फिर शुरू होंगे शुभ कार्य

### खरमास में नहीं होंगे मांगलिक कार्य

पंडित सुधीर शुक्ला ने बताया कि सूर्य देव जब गुरु की राशि धनु या मीन में प्रवेश करते हैं तो खरमास लगता है। फिर एक माह बाद जब मकर राशि में सूर्य देव आते हैं तब खरमास का समापन होता है। दिसंबर माह में 16 तारीख से खरमास प्रारंभ हो गया है, जो 15 जनवरी तक चलेगा। अब वैवाहिक मुहूर्त के लिए लगभग माहभर का इंतजार करना पड़ेगा।

### जनवरी में शुभ मुहूर्त

पंडितों एवं कैलेंडर के अनुसार 15 दिसंबर के बाद खरमास लगने से लगभग माहभर मांगलिक कार्यक्रम नहीं होंगे। खरमास का समापन नए साल 15 जनवरी को होगा। इसके साथ ही मांगलिक आयोजनों का सिलसिला शुरू हो जाएगा। कैलेंडर के अनुसार जनवरी माह में 16, 17, 21, 22, 27, 29, 30, 31 को शुभ मुर्हूत है। वहीं फरवरी माह में 1,2,4,6,7,12,17, 18,19, 24, 25,26,27,29 तारीख तथा मार्च माह में 2,3,4,5,6,11, 12 तारीख तक शुभ मुर्हूत है। इसी तरह जुलाई में 9,11,12, 13, 15 तथा इसके बाद सीधे नवंबर माह में 17, 22, 23 ,24, 25 एवं दिसंबर माह में 2,3,4,10, 13 व 15 को वैवाहिक मुहूर्त है।

# बाल संस्कार शिशु मंदिर के बच्चों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶। बेमेतरा



बाल संस्कार शिशु मंदिर बरगा के विद्यार्थी शैक्षणिक भ्रमण के लिए प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रकृति एवं देवी-देवताओं का दर्शन किया। सर्वप्रथम शिव कोकड़ी के स्वयं शंभू शंकर भगवान का दर्शन कर आशीर्वाद लिया।

राजनांदगांव जिले में स्थित मनगट्टा के जंगली सफारी में अनेकों प्रकार के जीव-जंतुओं एवं उद्यानों की हरेभरे परिसर को देखकर उनके बारे में जाना एवं समझा। इसके पश्चात मां बम्लेश्वरी धाम डोंगरगढ़ दर्शन के लिए पहुंचे। दर्शन करने के पश्चात पुनः स्कूल के लिए रात 8 बजे डोंगरगढ़ से वापसी लौटे। विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉ. आर एम पाल एवं आचार्य अजय साहू ने कहा कि शैक्षणिक भ्रमण करने से बच्चों एवं भ्रमाणार्थियों के अंदर प्रकृति एवं विज्ञान के प्रति ज्ञान जागृत होता है। भ्रमण अवसर पर 25 बच्चे एवं 10 शिक्षक - शिक्षिकाओं ने शैक्षणिक भ्रमण का आनंद लिया। शैक्षणिक भ्रमण का मुख्य उद्देश्य प्रकृति में हो रहे परिवर्तनों का ज्ञान अर्जित कर जानना एवं समझना रहा। सभी विद्यार्थी एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बहुत ही आनंद से शैक्षणिक भ्रमण का लाभ उठाया।

# तीन दिवसीय संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा स्पर्धा संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶। डौंडीलोहारा



ग्राम सम्बलपुर में तीन दिवसीय संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन संकुल केंद्र अछोली और सम्बलपुर के संयुक्त तत्वावधान किया गया। कार्यक्रम के संरक्षक तारम प्राचार्य अछोली और दौलत राम भंडारी प्राचार्य सम्बलपुर थे। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि होरीलाल रावटे (जि. पं. सदस्य), अध्यक्षता माधव गिरी गोस्वामी जनपद सदस्य थे। विशेष अतिथि उमा बाई ठाकुर सरपंच सम्बलपुर, तोमन सिंह लाटिया उपसरपंच, वीरेंद्र निरोटी, नौसाद गंगबेर सेवानिवृत्त शिक्षक, देवलाल पटेल, बहुर उर्वशा, जगदीश कोठारी आदि गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां शारदे के तैल चित्र की पूजा-अर्चना व राष्ट्रगान के साथ हुआ। होरीलाल ने कहा कि कोरोना के संक्रमण काल के कारण बीते कुछ वर्षो से शिक्षा विभाग में बच्चों के सुरक्षा के कारणों की वजह से बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता आयोजन नही हो पाया था। अध्ययन के साथ-साथ शारीरिक विकास एवं स्वस्थ रहने के लिए खेल जरूरी है। माधव गिरी ने कहा बच्चों के मानसिक विकास के साथ साथ सर्वागीण विकास के लिए खेल खेलना आवश्यक है। आयोजन सम्पन्न कराने में अछोली के संकुल समन्वयक लिलेश्वर कुर्रे, मो.निसार खान, परमानंद साहू, श्री साहू व नेताम का योगदान रहा। व्यवस्था शिक्षक कुमान दास जोशी, वीणा ठाकुर ,हेमेंद्र साहू, अनिल दिल्लीवार ने किया। समापन समारोह में उमा बाई ठाकुर सरपंच सम्बलपुर, अध्यक्षता दुष्यंत गिरी पूर्व ज.प. उपाध्यक्ष ने की। दौलत राम भंडारी प्राचार्य सम्बलपुर, रेखा जोशी, बहुर सिंह उर्वशा, गंगा राम निषाद शाला प्रबंध समिति अध्यक्ष प्रा.शा.सम्बलपुर, वीरेंद्र निरोटी उपस्थित थे। अतिथियों ने कहा कि हार और जीत जीवन के दो पहलू है। इस चुनौती लेकर पुनः सफलता के लिए अथक प्रयास करना चाहिए। इस दौरान प्रधानपाठक कुमान दासजोशी, रामटेके, प्रधान पाठक वीणा ठाकुर, दुलारी खरे, डिलेश्वरी साहू, रेखा देवांगन, आनंद राम साहू, अमित सिन्हा, विजय यदु, सोनी, परमानंद साहू आदि का योगदान रहा। निर्णायक एवं खेल संचालन करने में राजेंद्र देशमुख, शांताराम अटल, अमित सिन्हा, महेश कोलियरे, श्रीमती बंसती पीकेश्वर, केकती मैडम, राणा मैडम, सुनीता साहू एवं संकुल अछोली और संबलपुर के समस्त शिक्षक और शिक्षिका एवं पीटीआई माखन लाल मारगेन्द्र का योगदान रहा।

# भाजपा ग्रामीण मंडल बालोद ने चलाया स्वच्छता अभियान



**बालोद।** भाजपा ग्रामीण मंडल बालोद के नेतृत्व में बालोद जिले के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल गंगा मैया मंदिर प्रांगण में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिला अध्यक्ष कृष्णकांत पवार, प्रदेश अध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा पवन साहू, जिला भाजपा उपाध्यक्ष राकेश यादव एवं मंडल अध्यक्ष प्रेम साहू के साथ कार्यकर्ताओं ने गंगा मैया मंदिर प्रांगण में स्वच्छता अभियान चलाया। जिला अध्यक्ष कृष्णकान्त पवार एवं प्रदेश महामंत्री पवन साहू ने बताया कि प्रधानमंत्री श्री मोदी का सपना है कि देश की हर गली हर चौराहा प्रमुख स्थल हमेशा स्वच्छ रहे।

इस अभियान में जनपद अध्यक्ष प्रेमलता साहू, भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के अध्यक्ष जितेंद्र साहू, स्वच्छता अभियान के जिला संयोजक दुर्गानंद साहू, पालक ठाकुर,युवा मोर्चा के अध्यक्ष पार्थ साहू, सुरेश गोयल के साथ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अंचल के गांवों में पहुंचीं अनिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶। डौन्डीलोहारा



नवनिर्वाचित विधायक एवं पूर्व मंत्री अनिला भेडिया ने वनांचल के ग्राम गोटीटोला, पीपरखार मरईटोला, खड़बत्तर, कोड़ेकसा, झीकाटोला, लोहारटोला, जुंगेरा, चिखली 1, चिखली 2, केरी, रुपूटोला, बड़े जुंगेरा, माटरी सहित आदि ग्रामों का दौरा कर ग्रामीणों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने लगातार तीसरी बार जिताकर क्षेत्र का विधायक चुने जाने पर उनका आभार व्यक्त किया। श्रीमती भेड़यि ने कहा कि आप लोगों के बीच चुनाव के पहले निवेदन करने आई थी, आप लोगों ने मुझे छप्पर फाड़ के आशीर्वाद दिया। इसके लिये आप लोगों का मैं ऋणी रहूंगी। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों के साथ ही कांग्रेस बूथ प्रभारी, ज़ोन प्रभारी व कार्यकर्ता से चर्चा कर समस्याओं को सुना। इस दौरान ग्रामीणों ने स्कूल आहाता निर्माण, पुल-पुलिया निर्माण, बोर खनन, तालाब सौंदर्यीकरण, कलामंच निर्माण व अन्य निर्माण कार्यो की मांग की। इस पर उन्होंने प्राथमिकता के आधार पर कार्य पूर्ण करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में भोला देशमुख मंडी अध्यक्ष बालोद, प्रकाश शर्मा, गोविन्द चंद्राकर, जोन प्रभारी दिलीप बघेल, विकास भेडिया, जागेश्वर दर्रो, भावशीह ओट्टी, मनीराम कुंजाम, मोहन निषाद, भुनेश्वर साहू, सियाराम भंडारी, राकेश भुआर्य, ओम प्रकाश कोरेटी, मधु, विमल यादव, नलिनी टेकाम, डेनीयल टेकाम, आशा टेकाम सहित ग्रामवासी थे।

- लगातार तीसरी बार विधायक चुनने के लिए जताया

# संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा स्पर्धा में दुपचेरा स्कूल रहा प्रथम



**गुरूर।** संकुल केंद्र ठेकवाडीह के अंतर्गत दो दिवसीय संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगता का आयोजन ग्राम ठेकवाडीह में किया गया।

प्रतियोगिता में संकुल के अंतर्गत प्राथमिक शाला दुपचेरा, प्राथमिक शाला ठेकवाडीह, प्राथमिक शाला मुजगहन, प्राथमिक शाला बोहारडीह, माध्यमिक शाला ठेकवाडीह एवं माध्यमिक शाला दुपचेरा से 280 छात्रों सहित 28 शिक्षकों ने सहभागिता प्रदान किया। खेल प्रतियोगिता में माध्यमिक एवं प्राथमिक शाला दुपचेरा प्रथम स्थान पर रही। मध्यांतर के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम का प्रतियोगिता आयोजन किया गया, जिसमें समूह नृत्य में प्राथमिक शाला बोहारडीह एवं माध्यमिक शाला दुपचेरा प्रथम स्थान पर रही। क्रीड़ा आयोजन समिति एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान किया गया। आयोजन की सफलता में क्रीड़ा आयोजन समिति, ग्राम विकास समिति, शिक्षा समिति एवं संकुल के समस्त शिक्षकों का योगदान रहा।

## भर्रीटोला में हुआ दो दिवसीय खेल स्पर्धा

# छात्र जीवन में खेलों का विशेष महत्व : डॉ. देवेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कुसुमकसा



डौन्डी ब्लॉक के ग्राम भर्रीटोला 43 में दो दिवसीय संकुल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन हुआ। इस दौरान अखिल भारतीय हल्बा-हल्बी आदिवासी समाज छत्तीसगढ़ केंद्रीय महासभा के अध्यक्ष एवं भाजपा अजजा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. देवेंद्र माहला के मुख्य आतिथ्य व घनश्याम गुनेंद्र सरपंच ग्राम पंचायत भर्रीटोला 43 की अध्यक्षता व संजय बैस जनपद सदस्य, तुलेशराम सहित ग्रामीणों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।

डॉ. देवेंद्र माहला ने कहा कि जीवन में खेल एवं शारीरिक कार्य का काफी महत्व होता है और जब हम छात्र जीवन में होते हैं तब तो खेल का महत्व और भी बढ़ जाता है। प्राथमिक शिक्षा के दौरान छात्र कच्ची मिट्टी के समान होते हैं। उन्हें जैसी शिक्षा मिलती है जीवन भर वे उस रंग में ढल जाते हैं। इसलिए प्राथमिक शिक्षा के दौरान ही छात्रों को शिक्षा के साथ-साथ खेल से जोड़ा जाए तो उनमें शारीरिक एवं मानसिक दोनों ही प्रकार निपूर्णता आती है।

खेल को हम केवल मनोरंजन की दृष्टि से देखते हैं लेकिन सही मायने में यह मनोरंजन के साथ साथ तंदुरस्ती का महामंत्र है। आज हमारे देश के खिलाड़ी कड़ी मेहनत और अभ्यास कर विदेशों में अपनी पहचान बना रहे हैं और पहचान के साथ-साथ मेडल, पदक, उपाधि और उपलब्धि प्राप्त कर रहे हैं। अतिथियों के उद्बोधन के बाद विविध श्रेणियों के आधार पर विजयी खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण किया गया एवं आगामी जीवन में प्रगति के लिए शुभकामनाएं दी गई।

Rahul Travels
— One Way Taxi Pvt Ltd —
राहुल ट्रैवेल्स अब आपके क्षेत्र में
फ्रेंचाइजी / एजेंसी दे रहे है,
मात्र 20000 से 25000 के इन्वेस्टमेंट
में 10 % का मार्जिन।

राहुल ट्रैवेल्स
(वन वे टैक्सी प्राइवेट लिमिटेड)
रायपुर एयरपोर्ट (छग)
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें -
विनोद पिंजानी 7693055301
/RahulTravels | /RahulTravelsOneWay | www.rahultravels.com

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्पेशल ट्रेन से

23 दिसंबर से 02 जनवरी 2024
सबसे कम राशि पर
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग,
श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग,
श्री कन्याकुमारी, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी
राशि :- स्लीपर 16500/- 3 एसी-27,500/- 2 एसी 32,500/-
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
संपर्क करें:-7354-411411